




बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 30 जुलाई 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 184 | मूल्य - 5 रुपये









## मप्र किसान आंदोलन : सरकार 60 प्रतिशत मूंग खरीदने को तैयार, किसानों ने आंदोलन खत्म करने की घोषणा की

भोपाल, (भाषा)।

***मध्यप्रदेश सरकार ने बुधवार को आंदोलनरत किसानों से बातचीत के बाद राज्य के मूंग उत्पादक पात्र किसानों की उपज का 60 प्रतिशत उपार्जन करने की घोषणा की , जिसके कुछ देर बाद मुख्यमंत्री आवास से कुछ ही दूरी पर डटे अन्नदाताओं ने अपना प्रदर्शन खत्म करने की घोषणा की। इसके साथ ही सरकार ने मूंग उपार्जन की अंतिम तिथि 10 अगस्त से बढ़ाकर 20 अगस्त करने***

और ई-टोकन व्यवस्था में सुधार के लिये समिति गठित करने का ऐलान किया। इसके बाद भी किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मूंग की सौ प्रतिशत खरीद की मांग पर अड़े रहे और कहा कि इस बारे में सभी हितधारकों से बातचीत के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा और तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। हालांकि, कुछ देर बाद आंदोलन में शामिल राष्ट्रवादी किसान आर्मी के प्रदेश संयोजक प्रतीक शर्मा ने 'पीटीआई-वीडियो' से बातचीत में कहा कि किसान सरकार के फैसले से खुश हैं और सभी किसान संगठनों ने मिलकर आंदोलन को खत्म करने का फैसला किया है।

इसके बाद रोशनपुरा चौराहे पर पुलिस की ओर से सभी आंदोलनरत किसानों को उनके घर भेजने के लिए गाड़ियों की व्यवस्था किए जाने की घोषणा की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा कि किसान सरकार की घोषणाओं से सहमत हैं और वे रोशनपुरा चौराहे से अपने घरों की ओर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सकुशल वापसी के लिए बसों की व्यवस्था की गई है और वे अपने गंतव्य की ओर निकल रहे हैं। किसानों से वार्ता के बाद सरकार की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि किसानों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए सरकार ने अब प्रत्येक पात्र किसान से उसकी मूंग उपज का 25 प्रतिशत नहीं, बल्कि 60 प्रतिशत उपार्जन करने का निर्णय लिया है।

इसमें कहा गया कि नर्मदापुरम, सीहोर एवं हरदा जैसे जिलों में लगभग तीन क्विंटल प्रति एकड़ मूंग उत्पादक किसानों के लिए यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा और प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिले। बयान में कहा गया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने स्लॉट बुकिंग की अवधि भी 10 दिन बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके मुताबिक अब किसान 30 जुलाई के स्थान पर 10 अगस्त तक स्लॉट बुकिंग कर सकेंगे और इसी प्रकार उपार्जन की अंतिम तिथि भी 10 अगस्त से बढ़ाकर 20 अगस्त की जा रही है। बयान में राज्य के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सदैव किसानों के हित में कार्य करती आई है क्योंकि अन्नदाता प्रदेश की अर्थव्यवस्था और समृद्धि का आधार हैं और उनके परिश्रम से उत्पादित उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि जहां तक खाद वितरण के लिए लागू की गई ई-टोकन व्यवस्था से संबंधित शिकायतों और व्यावहारिक समस्याओं का प्रश्न है, यह व्यवस्था राज्य शासन का एक महत्वपूर्ण सुधार है और आने वाले समय में इससे किसानों को काफी सुविधा एवं लाभ मिलेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि ई-टोकन व्यवस्था में सुधार के लिये एक समिति गठित होगी, जो इस व्यवस्था से जुड़ी सभी समस्याओं का परीक्षण कर राज्य सरकार को अपनी अनुशंसाएं प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि समिति की अनुशंसाओं के आधार पर आवश्यक सुधार तत्काल किए जाएंगे।

कंषाना ने कहा कि सुझाव प्राप्त होकर सुधार होने तक ई-टोकन से खाद वितरण की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से स्थगित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सरकार के फैसले से पहले न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर शत-प्रतिशत मूंग खरीद समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत किसानों ने बुधवार शाम केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आवास के बाहर प्रदर्शन किया और फिर शहर के प्रमुख रोशनपुरा चौराहे पर पहुंचे, जो मुख्यमंत्री मोहन यादव के आवास से महज एक किलोमीटर की दूरी पर है। हजारों की संख्या में पहुंचे किसानों ने व्यस्त नर्मदापुरम राजमार्ग पर लगाए गए कई स्तरों के अवरोधकों को पारकर डेरा डाल दिया था।

## बालाघाट जिले के लालबर्रा वन परिक्षेत्र में नर बाघ का मिला शव, आपसी संघर्ष से मौत की आशंका..

जगप्रेरणा लालबर्रा।

***बालाघाट जिले के वन परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत कक्ष क्रमांक 443, बीट बिहियाटिकुर में बुधवार को एक नर बाघ का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त बालाघाट एवं दक्षिण सामान्य***



वन मंडल बालाघाट के वन मंडल अधिकारी के निर्देशन में वन विभाग का अमला तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेकर जांच शुरू की। घटनास्थल पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के प्रतिनिधि, फील्ड बायोलॉजिस्ट, वन्यजीव चिकित्सकों तथा वन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सूक्ष्म निरीक्षण किया। जांच के दौरान बाघ के सभी अंग, जिनमें नाखून, दांत और मूंछें शामिल हैं, सुरक्षित पाए गए। अधिकारियों ने घटनास्थल का पंचनामा तैयार कर आवश्यक फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी तथा अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए।

इसके बाद एनटीसीए के निर्धारित प्रोटोकॉल एवं भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप वन्यजीव चिकित्सकों द्वारा बाघ का पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान रक्त, विसरा, ऊतक, बाल सहित आवश्यक जैविक नमूनों को वैज्ञानिक परीक्षण के लिए सुरक्षित कर सीलबंद किया गया। संपूर्ण प्रक्रिया अधिकारियों की उपस्थिति में नियमानुसार संपन्न हुई। पोस्टमार्टम के उपरांत बाघ के शव का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया गया।

वन्यजीव विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों के अनुसार प्रथम दृष्टया बाघ का शव लगभग एक दिन पुराना प्रतीत होता है तथा उसकी मृत्यु आपसी क्षेत्रीय संघर्ष (टेरिटोरियल फाइट) के कारण होने की संभावना है। हालांकि, मृत्यु के वास्तविक कारणों की अंतिम पुष्टि फॉरेंसिक एवं अन्य वैज्ञानिक परीक्षणों की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही की जाएगी।

वन विभाग ने बताया कि पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है तथा वन्यजीव संरक्षण से संबंधित सभी वैधानिक प्रावधानों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों पर अंतिम निष्कर्ष निकाला जाएगा।


*जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन.. संपर्क करें.. मो. 9329033433*







## मेरठ में युवक ने युवती को गोली मारी, फिर खुद को गोली मारकर की आत्महत्या..

मेरठ, (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में बुधवार को एक युवक ने एक युवती के माथे पर कथित तौर पर गोली मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और इसके बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

यह घटना कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र की डिफेंस एन्क्लेव कॉलोनी में जोनल पार्क के पास हुई। पुलिस ने मृतक की पहचान शिवलोकपुरी निवासी आदित्य (26) के रूप में की है। वहीं, गंभीर रूप से घायल युवती कंकरखेड़ा क्षेत्र की रहने वाली है, जिसे नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) विनायक गोपाल भोंसले ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में घटना से कुछ समय पहले युवक और युवती के बीच बहस होती दिखाई दे रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि कहासुनी के दौरान आदित्य ने पिस्तौल से युवती के माथे पर कथित तौर पर दो गोलियां चला दीं और फिर खुद के सीने में भी दो गोलियां मार लीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## चांवल घोटाला मामले में राइस मिलर्स सहानुभूति का हकदार, वह आदतन चोर नहीं बल्कि मजबूर..

### गोंदिया के वरिष्ठ समाजसेवी छैलबिहारी अग्रवाल ने रखा एथेनॉल प्लांट से चांवल खरीदी मामले में राइस मिलर्स का पक्ष..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***बालाघाट जिले में विगत 03 जून 2026 से सुर्खियों में छाए चांवल घोटाला मामले में अनेक राइस मिलर्स पर बालाघाट पुलिस एथेनॉल प्लांट मालिकों से सरकारी चांवल खरीदने पर कार्यवाही कर रही है, तथा लगातार कार्यवाही में विभिन्न राइस मिलर्स को चोर बताया जा रहा है, जबकि देखा जाए तो पूरे मामले में सिर्फ सरकार की गैरजिम्मेदार भूमिका और सरकार में लिप्त***

नेताओं और अधिकारियों के भ्रष्टाचार का शिकार यहां राइस मिलर्स हो रहा है, जबकि असली गुनहगार तो इथेनॉल प्लांट के मालिक और भारत सरकार खुद जिम्मेदार है, ऐसे में राईस मिलर्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तो इस स्थिति में राईस मिलर्स सहानुभुति का हकदार है, यह बात गोंदिया के वरिष्ठ समाजसेवी एवं राष्ट्रचिंतक छैलबिहारी अग्रवाल ने कही है।

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि सर्वप्रथम इस मामले में माननीय न्यायालय को राइस मिलर्स को तत्काल जमानत दे देनी चाहिए, क्योंकि यह तो तय है कि राइस मिलर्स जमानत के बाद भी पुलिस जांच में सहयोग अवश्य करेंगे, जबकि वर्तमान में राइस मिलर्स व्यापार में सरकार की नीति के दोष के कारण किस तरह से नुकसान में भी राइस मिलें चलाने के लिए मजबूर है इसकी जांच की जिम्मेदारी भी माननीय न्यायालय को पुलिस विभाग को ही सौंप देना चाहिए, ताकि राईस मिलर्स ने एथेनॉल प्लांट से चांवल क्यों खरीदा इसकी भी न्यायिक जांच हो सके, तथा सरकार ने 3190 रुपये का चांवल एथेनॉल प्लांट को 2320 रुपये में क्यों बेचा इसकी भी जांच हो सके।



छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि यह तो अवश्य है कि चांवल घोटाला हुआ है, लेकिन यह घोटाला सबसे पहले भारत सरकार का घोटाला है, जिसने पीडीएस का चांवल महंगा खरीदकर भी एथेनॉल प्लांट को सस्ते में बेचा। प्रायवेट कंपनीयों को इस तरह से लाभान्वित करना ही बड़े कमीशन का लेन देन प्रदर्शित करता है, तथा इस मामले में सीधे तौर पर भारत सरकार खुद दोषी है, जबकि अब पुलिसिया जांच चांवल घोटाले की जांच हो ही रही है तो फिर पूरी जांच होनी चाहिये। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि यह चांवल घोटाला सिर्फ एक बालाघाट जिले का घोटाला नहीं है, बल्कि एथेनॉल प्लांट को बेचा गया चांवल देश भर में अनेक राईस मिलर्स के द्वारा खरीदा और बेचा गया है, लेकिन इस मामले में अन्य एथेनॉल प्लांट की जांच नहीं की जा रही है। भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से निकला चांवल किन किन एथेनॉल प्लांट को कब कब बेचा गया, और किस गाड़ी नंबर से वह चांवल कहां कहां पहुंचाया गया, यदि इसकी जांच की जाती है, तो इसमें एथेनॉल प्लांट के साथ ही एफसीआई के अधिकारियों का भ्रष्टाचार भी सामने आ सकता है। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि चूंकि राईस मिलर्स एक संभ्रात नागरिक के रुप में जीवन जीने के आदि हैं, इसलिये उनकी कमजोरी का फायदा उठाकर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया है, जबकि वास्तविकता में चांवल घोटाले के रचनाकारों पर तो देश की संसद में भारी हंगामे की जरुरत है। श्री अग्रवाल ने कहा कि पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा को चांवल घोटाले के मामले में जांच के दूसरे एंगल पर भी विचार अवश्य करना चाहिये।











कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



2 गुरुवार 30 जुलाई 2026

जग प्रेरणा live शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई



मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा
मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# प्रेस कॉन्फ्रेंस मे भाजपा जिलाध्यक्ष कावरे का नाम लेने से क्यों कतरा रहे थे कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय उईके?

## चांवल घोटाला मामले में नजर आई जिला कांग्रेस अध्यक्ष की कमजोर विपक्षी पैरवी..

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतु पटवारी और मल्लिकार्जुन खरगे को सावधान रहने की जरुरत..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारत सरकार द्वारा एथेनॉल प्लांट को 3190 का चांवल 2320 रुपये में दिया गया, तथा इस कारण से ही एथेनॉल प्लांट को सस्ता चांवल देकर केन्द्र सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने तथा इस मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के परिवार की राईस मिल द्वारा भी एथेनॉल प्लांट से चांवल खरीदी को लेकर बालाघाट पुलिस***

ने अपराध दर्ज किया है, जिस पर 28 जुलाई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कांग्रेस द्वारा आयोजित की गई थी, जिसका नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके ने किया था, तथा इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे, विधायक मधु भगत, अनुप सिंह बैस, श्याम पंजवानी, शफकत खान आदि अनेक कांग्रेस नेता उपस्थित थे, लेकिन जहां इस प्रेस कान्फ्रेंस में कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे उपस्थित नहीं थी, वहीं वारासिवनी विधायक विवेक पटेल भी उपस्थित नहीं थे, जिसके कारण जहां उक्त दो विधायकों की अनुपस्थिति सवालों के घेरे में नजर आ रही है, वहीं विशेष रुप से प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब बारी आई कि अब पुरे दावे के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके विपक्ष की दमदार भूमिका का निर्वहन करें, लेकिन इस परिस्थिति में विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके रामकिशोर कावरे का नाम लेने से परहेज करते दिखाई दिये।

आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब पत्रकारों ने बार बार नाम लेने के लिये कहा, तब कहीं जाकर संजय उईके ने एक बार रामकिशोर कावरे का नाम लिया, अन्यथा वे नाम लेने से भी बचते दिखाई दिये, जिसके कारण अब कांग्रेस जिलाध्यक्ष के रुप में विधायक संजय उईके की भूमिका स्पष्टतः कमजोर दिखाई दे रही है।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में भाजपा की लगातार 2003 से सरकार है, और सिर्फ एक बार 11 महीने की कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन मध्यप्रदेश का नेतृत्व भाजपा के पास ही रहा। बीते इन 23 वर्षों में सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा की सरकार में बालाघाट जिला विकास में पिछड़ा हुआ है। बालाघाट में उच्च कोटि के खेल संचालनालय का अभाव है, मेडिकल कॉलेज की घोषणा, स्वीमिंग पुल की घोषणा करके पूरी नहीं की गई, तो वहीं सांसद भी लगातार भाजपा के होने के बाद भी बालाघाट से सीधी नागपुर, रायपुर, भोपाल, इंदौर के लिये यात्री ट्रेनें नहीं शुरु की गई। इसी प्रकार बालाघाट में सड़कों का रखरखाव, घटिया निर्माण कार्य, रोजाना होती दुर्घटनाएं, वन्य प्राणी बाघों के संरक्षण में कमी, पेड़ों की अवैध कटाई, जिला चिकित्सालय और प्राथमिक चिकित्सालयों में डॉक्टरों की कमी, विभिन्न निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार, बालाघाट में हनुमान चौक का जलभराव संहित ऐसी सैकड़ों समस्याएं हैं, जिनका निराकरण भाजपा सरकार में बीते 23 वर्षों में नहीं हो पाया, लेकिन बालाघाट के भाजपा जिलाध्यक्ष हैं कि उनकी इन सब विषयों पर जहां बोलती बंद नजर आती है, वहीं जहां भाजपा जिलाध्यक्ष के परिवार के कारोबार को निशाना बनाकर पहले जीएसटी फिर चांवल घोटाला में संलिप्तता स्पष्ट प्रदर्शित हो चुकी है, तो फिर इस मामले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष को भाजपा जिलाध्यक्ष का नाम लेने में भला क्या आपत्ति हो रही थी?

स्पष्ट है कि विधायक संजय उईके कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जरुर बने हैं, लेकिन उनका पूरा ध्यान सिर्फ उनका अपना क्षेत्र है, और कांग्रेस संगठन को मजबूर करने तथा एक दमदार विपक्ष की भूमिका निभाने से भी उन्हें परहेज है। हांलांकि जिस तरह से लगातार कांग्रेस के अनेक विधायकों ने भाजपा की सदस्यता लेकर कांग्रेस से बगावत की है, इसके कारण जब कांग्रेस के विधायक मुख्यमंत्री के बालाघाट आगमन पर किसानों के समर्थन मूल्य और अन्य स्थानीय मांगों को लेकर भी विरोध प्रदर्शन, घेराव और काले झंडे दिखाने की बजाए गुलदस्ता लेकर पहुंचकर मुख्यमंत्री का स्वागत करते दिखाई देते हैं तो इस बात की आशंका भी उत्पन्न होती है कि विधायक विवेक पटेल, विधायक अनुभा मुंजारे और अब विधायक संजय उईके भी भाजपा में जाने का मार्ग तलाश कर रहे हैं, तथा यही कारण है कि वे विपक्ष की भूमिका भी सिर्फ औपचारिक निभा रहे हैं, तथा इन कमजोर नेताओं के भरोसे यदि जीतु पटवारी या राहुल गांधी बालाघाट जिले में फिर एक बार कांग्रेस की चार सीटों की जीत की उम्मीद लगा बैठे हैं, तो कहा जा सकता है कि यह उनका भ्रम या धोखा भी हो सकता है, कांग्रेस आलाकमान को यह करना चाहिये कि वे अपने विधायकों और जिला पदाधिकारियों की खूफिया रिपोर्ट भी तैयार करें, क्योंकि जिस तरह से भाजपा जिलाध्यक्ष के नाम पर आरोप लगाने में भी विधायक संजय उईके असहज दिखाई दे रहे थे, यह कहना अनुचित नहीं होगा कि कांग्रेस का नेतृत्व बालाघाट जिले में कमजोर हाथों में है।

# आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा सेवा, सत्संग, साधना और भक्ति के साथ मनाई गई गुरुपुर्णिमा..

## गुरु पूजा, सुदर्शन क्रिया, वृक्षारोपण, भोजन सेवा, नारायण सेवा, इंट्यूशन डेमो एवं संगीतमय सत्संग कार्यक्रमो का किया गया आयोजन..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के मागदर्शन में संचालित आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवा, साधना, सत्संग एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ विभिन्न आध्यात्मिक एवं कार्यों का आयोजन किया***

गया, जिसमें बड़ी संख्या में साधकों, स्वयंसेवकों, बच्चों एवं नगरवासियों ने सहभागिता कर गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। प्रातः हरिमंगलम लॉन में सुबह 6:00 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजा के साथ हुआ। इस अवसर पर गुरु परंपरा के सभी पूज्य गुरुओं का स्मरण एवं वंदन करते हुए साधकों ने श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके पश्चात सभी ने विश्वविख्यात सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम, योगासन एवं ध्यान का अभ्यास किया। साधना के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों ने आंतरिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं आनंद का अनुभव किया। इसके उपरांत वार्ड क्रमांक 1 में वृक्षारोपण, नारायण सेवा अंतर्गत शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय, बालाघाट में जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन वितरण, तथा शाम को हरिमंगलम लॉन में गुरुपूर्णिमा महोत्सव का भव्य म्यूजिकल सत्संग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक आशीष पटेल के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और समर्पण व्यक्त करने का पावन अवसर है। इस दिन हम अपनी गुरु परंपरा का आह्वान करते हैं, सभी गुरुओं को प्रणाम करते हैं और उनके आशीर्वाद को अपने जीवन में धारण करने का संकल्प लेते हैं।

उन्होंने कहा कि वास्तव में हर दिन गुरु का ही दिन है, क्योंकि गुरु के बिना जीवन में गति संभव नहीं है। इसलिए कहा गया है—÷गुरु बिन गति नहीं।÷ गुरु ही जीवन को सही दिशा और गति प्रदान करते हैं, और जब जीवन को सही गति मिलती है तभी वह पूर्णता की ओर अग्रसर होता है। यही गुरु पूर्णिमा का वास्तविक संदेश है कि गुरु ही हमें पूर्णता की ओर ले जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान भजन गायकों द्वारा गुरु वंदना एवं सुमधुर भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं आनंदमय हो गया। गुरुपूर्णिमा महोत्सव का एक विशेष आकर्षण इंट्यूशन प्रोसेस कोर्स पूर्ण कर चुके बच्चों का विशेष सत्र रहा। शाम को सभी बच्चों ने योग साधना, ध्यान एवं इंट्यूशन प्रक्रिया का अभ्यास किया। इसके पश्चात बच्चों ने अपनी जागृत अंतःप्रज्ञा के प्रेरणादायक एवं आश्चर्यजनक प्रदर्शन प्रस्तुत किए।

बच्चों ने आँखों पर पट्टी बाँधकर विभिन्न वस्तुओं की पहचान करना, चित्रों एवं रंगों को पहचानना, चित्रकारी करना तथा बिना देखे अनेक गतिविधियों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कर अपनी अंतःप्रज्ञा का परिचय दिया। वहीं इंट्यूशन प्रोसेस-2 पूर्ण कर चुके बच्चों ने अपनी चेतना एवं एकाग्रता की शक्ति का प्रदर्शन करते हुए केवल अपनी दृष्टि और मानसिक एकाग्रता के माध्यम से चम्मच को मोड़ने (स्पून बेंडिंग) का प्रदर्शन भी किया, जिसने उपस्थित सभी लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया।


बालाघाट शहर में जगप्रेरणा के लिये संपर्क करें.. मनीष ठाकुर मो. 9424766923


# 'सांदीपनि उत्सव' के साथ सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का समापन




जगप्रेरणा बालाघाट।

***स्कूल शिक्षा विभाग, मप्र शासन के निर्देशानुसार 15 से 29 जुलाई 2026 तक आयोजित गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को सांदीपनि विद्यालय, बालाघाट में ÷सांदीपनि उत्सव÷ का आयोजन कर पखवाड़े का समापन किया गया। कार्यक्रम में***

विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान विषय पर आधारित विभिन्न मॉडलों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन कर सराहना की। कार्यक्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, नगर पालिका परिषद बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनश्री जैन, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक मोहित डहेरिया तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती मोनिका पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु ज्ञान, संस्कार और जीवन मूल्यों के मार्गदर्शक होते हैं तथा उनके आदर्शों का अनुसरण कर विद्यार्थी अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती मोनिका पटेल ने विद्यार्थियों से गुरुजनों द्वारा दी गई शिक्षा को आत्मसात करने, अनुशासन का पालन करने तथा अध्ययन-अध्यापन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उज्ज्वल भविष्य बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान वार्षिक परीक्षा में प्रदेश एवं जिला प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में उपप्राचार्य साजिद मोहिस ने उपस्थित अतिथियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती स्वप्ना लाल, श्रीमती गीता तुरकर एवं श्री संजय वानखेड़े ने किया।

# 31 जुलाई को भरवेली में 'एक शाम रफी के नाम'.. संगीतमय श्रद्धांजली कार्यक्रम का आयोजन..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***सुरों के सरताज और भारतीय फिल्म संगीत जगत के महान गायक स्वर्गीय मोहम्मद रफी की 46 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 31 जुलाई को भरवेली में एक भव्य संगीतमय कार्यक्रम ÷एक शाम रफी के नाम÷ का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय स्टेट बैंक के सामने स्थित परिसर में***

आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार संध्या साबित होगा, जिसमें रफी साहब के अमर और सदाबहार गीतों की मधुर प्रस्तुति देकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं, बल्कि भारतीय संगीत जगत के उस महान कलाकार को याद करना है, जिनकी आवाज़ आज भी करोड़ों संगीत प्रेमियों के दिलों में जीवित है। मोहम्मद रफी ने अपने गायन से हिंदी सिनेमा को अनगिनत अमर गीत दिए, जो आज भी हर पीढ़ी के श्रोताओं के बीच समान रूप से लोकप्रिय हैं। कार्यक्रम में स्थानीय एवं क्षेत्रीय कलाकार रफी साहब के चर्चित गीत प्रस्तुत करेंगे, जिससे श्रोता उनकी मधुर स्मृतियों में खो जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार एवं संयोजक दीपक तांबे और अमोद श्रीवास ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए नगर के अनेक सामाजिक एवं संगीत प्रेमी नागरिक सहयोग कर रहे हैं। आयोजन समिति में सुन्दरलाल उके, राज मलिक, रमेश भोला, अनिल मडावी, नंदकिशोर घरडे, शेखचांद भाईजान, भाउलाल रंगारे, दीनदयाल निकोसे, नंदलाल टेकन, विशाल तांबे, धनपाल दुरयाम, डॉ. बसंत विराट पटले (कवि), महेन्द्र वासनिक और संतोष पाटिल सहित अनेक लोगों का सक्रिय योगदान है। इसके अलावा महाजन होटल, दहले कम्प्यूटर, धन्नू पान सेंटर, अमर फोटो फ्रेमिंग और ताज चिकन सेंटर सहित स्थानीय प्रतिष्ठानों का भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। समिति का कहना है कि सामाजिक सहभागिता और संगीत के प्रति लोगों के प्रेम से यह कार्यक्रम हर वर्ष विशेष पहचान बना रहा है।

# जबलपुर की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने बालाघाट में 42 भूतपूर्व सैनिकों व आश्रितों को दी निःशुल्क चिकित्सा सुविधा

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सिवनी एवं बालाघाट के अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास के प्रयासों से 28 जुलाई 2026 को ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक टाइप-ई, जबलपुर की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा बालाघाट जिले में विशेष चिकित्सा शिविर का***

आयोजन किया गया। शिविर में जिले के 42 भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों (विधवाओं) एवं उनके आश्रितों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार तथा चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। मेडिकल टीम में चिकित्सक डॉ. शिवम खेत्रपाल सहित तीन मेडिकल अटेंडेंट शामिल रहे। इस अवसर पर बताया गया कि ईसीएचएस जबलपुर की मोबाइल मेडिकल यूनिट का मुख्य उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों को उनके गृह जिले में ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें उपचार के लिए दूरस्थ स्थानों की यात्रा न करनी पड़े। शिविर के सफल आयोजन में एएसएफ कल्याण संयोजक, बालाघाट नायब रिसालदार राम सिंह बैस का विशेष योगदान रहा। उनके प्रयासों से अनुविभागीय अधिकारी से समन्वय स्थापित कर मेडिकल टीम के ठहरने एवं शिविर आयोजन के लिए रेस्ट हाउस, स्थान उपलब्ध कराया गया। शिविर की व्यवस्थाओं से संतुष्ट मेडिकल टीम ने जिला प्रशासन के सहयोग एवं व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# पीजी कॉलेज में विधि विधान से मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव




जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में बुधवार को उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम का आयोजन भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की जिला नोडल अधिकारी डॉ. कंचन मसराम के मार्गदर्शन तथा संयोजक डॉ. रचना कोरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. संतोष कुमार सक्सेना एवं डॉ. सतीश चिले ने गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय गुरु-शिष्य परम्परा की गौरव शाली विरासत से उपस्थित जनसमुदाय को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गुरु केवल ज्ञान के प्रदाता ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण एवं जीवन को सही दिशा देने वाले प्रेरणास्त्रोत भी होते हैं। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव एवं डॉ. पी.एस. कातुलकर ने भी गुरु पूर्णिमा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय संस्कृति में गुरु के सर्वोच्च स्थान को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का पौधा एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। साथ ही महाविद्यालय के समस्त गुरुजनों का तिलक-वंदन कर श्रीफल अर्पित करते हुए सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने भी अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की। महाविद्यालय में ÷गुरु पूर्णिमा महोत्सव ङ्क महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व÷ के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय सांदीपनि अलंकरण समारोह का सीधा प्रसारण भी सामूहिक रूप से देखा गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन में डॉ. संतोष लिल्हारे, डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे, श्रीमती चित्रमाला भीमटे, डॉ. योगिता पटले एवं प्रो. आनंद पारधी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. योगेश विजयवार, डॉ. एन.एम. कुरैशी, प्रो. सुखचंद ऐडे, डॉ. ताराचंद बड़घैया सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में परंपरागत आयोजनों के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव



जगप्रेरणा बालाघाट।

शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, बालाघाट में प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु की महत्ता एवं गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण के प्रति छात्राओं को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु महर्षि सांदीपनी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात छात्राओं ने महाविद्यालय के समस्त गुरुजनों का तिलक एवं पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्राओं ने गीत, कहानी, कोलाज एवं पेंटिंग के माध्यम से गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की। आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. सरोज घोड़ेश्वर के मार्गदर्शन में समिति सदस्य प्रदीप गजभिए, प्रीति उइके, डॉ. मनिका चौबे एवं डॉ. ईश्वर राहंगडाले ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### बस एसोसिएशन ने आठ सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन..

# मांग नहीं मानी गई तो 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल - तेजवली



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिला प्राइवेट बस एसोसिएशन सिवनी के अध्यक्ष तेजवली सिंह के मार्गदर्शन में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश, परिवहन मंत्री एवं जिला कलेक्टर व जिला*** पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि 26 जुलाई को सागर में प्रदेश के समस्त बस संचालक तथा मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन के प्रमुख पदाधिकारी के साथ बैठक में विचार विमर्श के पश्चात यह निर्णय लिया गया है कि स्टेज कैरिज बस के संचालन बाबत लाई जा रही नई दमनकारी परिवहन नीति के कारण मध्य प्रदेश के समस्त बस मालिक आहत है उक्त संबंध में शासन से उनकी मांग है कि समस्त बस व्यवसाय गण 7 अगस्त को रात्रि 12:00 बजे से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे।

इस समस्या के निदान हेतु बस संचालकों के द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों के समक्ष निवेदन कर चुके हैं परंतु कोई भी हल नहीं निकल सका इस कार्रवाई से जनता को होने वाली परेशानी की जिम्मेदारी शासन की होगी। मध्य प्रदेश राजपत्र 7 जुलाई 2026 में प्रकाशित इसकी तुरंत वापस हो यह स्कीम हमारे व्यवसाय को छीनने का प्रयास से यह सब को बेरोजगारी में धकेलना का प्रदेश शासन द्वारा किया जा रहा है इसी तरह वर्ष 2020-21 में डीजल प्रति लीटर 69 रुपए था अब 100 रू. प्रति लीटर है टायर, स्पेयर पार्ट्स की कीमत में भी भारी वृद्धि है किराया बोर्ड की बैठक के बावजूद कोई निर्णय नहीं लिया गया है अतः किराया में वृद्धि की जाए।

प्रस्तावित स्कीम के अंतर्गत दर्शित मांगों के लिए जारी टेंडर 6 जुलाई 2026 को निरस्त किया जाए मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 110, तीन में दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन द्वारा केंद्र सरकार के नियमों समयबद्ध छूट देकर जो प्रदेश में 1200 बसें तैयार होकर खड़ी है उन्हें पंजीकृत करने का मार्ग प्रशस्त करें, जो बसे पंजीकृत हो गई हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई पर रोक लगाई जाए पूर्व में संचालित बसों की 15 वर्ष आयु का बंधन परमिट देने एवं चलाने के लिए समाप्त किए जाएं परमिट केंद्रीय मोटरयान अधिनियम के अनुसार फिटनेस की वैधता होने तक दिया जाए परिवहन सचिव के निर्देश उपरांत भी परिवहन कार्यालय के अधिकारी कार्यालय में अधिकतर आते ही नहीं और आते भी हैं तो समय पर नहीं आते बस ऑपरेटरों के परमिट नवीनीकृत परमिट ट्रांसफर अस्थाई परमिट एवं अन्य कार्य नहीं हो रहे हैं इससे बस ऑपरेटर अत्यधिक परेशान है इस संबंध में तुरंत निर्देश जारी किए जाएं अंतर राज्य मार्गों पर परमिटों का नवीनीकरण एवं नवीन अनुज्ञा की स्वीकृति नहीं हो रही है जबकि बसों का पूर्व में ही नियमित संचालन हो रहा था अतः परिमितों का नवीनीकरण अस्थाई परमिटों की स्वीकृत तथा नए परमिटों की स्वीकृत करने का कार्य किया जाए।

उपरोक्त मांगों को लेकर संगठन के मनीष ठाकुर संजय नागपुर इब्राहिम खान सुरेश दरिया रमन सिंह सनोदिया नितेश साहू चंद्रभान ठाकुर निलश साहू दीपक जैन सुभाष गंगवानी नोटिस डेहरिया पुष्पेंद्र सिंह सहित अनेक लोगों की उपस्थिति में होटल अभिनंदन में बैठक आयोजित की गई जिसमें आगे की रणनीति एवं संबंधित जनों को ज्ञापन प्रेषित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा कहा गया है कि अगर 6 अगस्त तक मांग नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ की जाएगी।

# जर्जर आंगनवाड़ी भवन को आखिरकार किया गया डिस्मेंटल, प्रशासन हुआ सक्रिय



जगप्रेरणा सिवनी।

***लगातार उठाई जा रही जनहित की मांग, स्थानीय ग्रामीणों की चिंता के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आया।***

ग्राम पंचायत मोहगांव सड़क जनपद पंचायत कुरई, जिला सिवनी स्थित अत्यंत जर्जर एवं दुर्घटनाग्रस्त आंगनवाड़ी भवन को बुधवार को प्रशासन की निगरानी में सुरक्षित तरीके से डिस्मेंटल (ध्वस्तीकरण) किया गया। इस कार्रवाई के दौरान महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, कुरई, जनपद पंचायत कुरई से सब इंजीनियर योगेंद्र कुमरे, ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली की सहायता से भवन को सावधानीपूर्वक हटाया गया ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

### लंबे समय से जर्जर था भवन

ग्राम मोहगांव सड़क का यह आंगनवाड़ी भवन कई वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में था। भवन की छत कमजोर हो चुकी थी, दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई थीं तथा बरसात के दौरान भवन की स्थिति और भी खतरनाक हो गई थी। कुछ समय पूर्व लगातार हुई बारिश के कारण भवन की बाउंड्री वॉल भी गिर गई थी, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई थी।

ग्रामीणों के अनुसार छोटे-छोटे बच्चे भवन के आसपास खेलते रहते थे। यदि समय रहते प्रशासन कार्रवाई नहीं करता तो किसी भी दिन गंभीर दुर्घटना हो सकती थी।

### ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

भवन हटाए जाने के बाद ग्रामवासियों ने राहत व्यक्त करते हुए कहा कि अब बच्चों एवं आम नागरिकों के सिर पर मंडरा रहा खतरा टल गया है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से वे नए आंगनवाड़ी भवन की मांग कर रहे थे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया कि पुराने भवन को हटाने के साथ-साथ शीघ्र ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया आंगनवाड़ी भवन स्वीकृत कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### नई इमारत की मांग हुई तेज

ग्रामीणों का कहना है कि आंगनवाड़ी केवल बच्चों के पोषण का केंद्र नहीं है, बल्कि यह गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, टीकाकरण एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के संचालन का महत्वपूर्ण केंद्र भी है। इसलिए नए भवन का निर्माण जल्द कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि नए भवन की स्वीकृति में विलंब न किया जाए।

# श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व..



जगप्रेरणा सिवनी।

***नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में दिनांक 29 जुलाई 2026 को भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं कैरियर मार्गदर्शन*** प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. ओमप्रकाश सरवैया के संरक्षण एवं कार्यक्रम समन्वयक सुश्री हर्षा बघेल, सहायक प्राध्यापक के समन्वयन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात महाविद्यालय परिवार द्वारा उपस्थित अतिथियों का भारतीय परंपरा के अनुसार श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. ओमप्रकाश सरवैया ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गुरुजनों के प्रति सम्मान, अनुशासन एवं निरंतर ज्ञानार्जन के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों डॉ. एम. सी. सनोड़िया डॉ. अमिता पटेल तथा श्रीमती कल्पना इंगले ने अपने प्रेरक उद्बोधनों में भारतीय संस्कृति में गुरु के स्थान, गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता तथा नैतिक मूल्यों के पालन पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा को केवल रोजगार का साधन न मानकर व्यक्तित्व निर्माण का आधार बनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ समन्वयक श्रीमती लक्ष्मी मेश्राम, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक श्रीमती अलका उइके, पंकज शेन्डे, नरेन्द्र भीमते, गजेंद्र परते, रामदीन भलावी, डॉ सोहन लाल अहिरवार, डॉ अनीता भट्ट, डॉ रश्मि पाठक, डॉ डिंपल डेहरिया, डॉ राशिद खान, अशोक जैन, उमा प्रसाद उइके एवं समस्त, कर्मचारी एवं छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। अंत में सभी गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफल एवं गरिमामय समापन किया गया।

# गुरु शिष्य के जीवन को आकार देता है - प्राचार्य राजेश्वरी धुर्वे..





जगप्रेरणा सिवनी।

***जिसके जीवन में गुरु नही उसका जीवन शुरू नहीं, गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते है, इसी तरह कुम्हार कच्ची मिटटी को तपाकर एक आकार देता हैं।***

गुरु पूर्णिमा पर्व संसार के समस्त गुरूओं के सम्मान का दिन हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित सरस्वती पूजन के दौरान ईएफए की प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे ने व्यक्त किया इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनीता डेहरिया ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई वंदना का शुभारंभ सुहाना डहरिया, आयुषी कश्यप ने किया सर गुरु वंदना शिव कश्यप कार्तिक सोनी ने किया गुरु के प्रति समर्पित जीत की प्रस्तुति गणेश तिवारी सेवा कश्यप कार्तिक सोनी दिव्यांशु कश्यप कुणाल वेदांत सोनी आयुष अग्रवाल कुमुदगिरि तान्या साहू पुष्पा बघेल दिवशी सनोदिया आयुषी चंद्रवंशी कुमकुम यादव माही यादव ने किया कक्षा 9वी के श्रेयांशी यादव महिमा कतरे श्रेया सनोदिया वैभवी सनोदिया हार्दिक की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम की सूत्रधार अखिल खान, फरजाना खान सरिता मिश्रा सुनीता डेहरिया नंदकिशोर रंग डाले राजकुमार दुबे अनीता दीक्षित सुश्री आशा नागदेवे, अंजना राय आदि की उपस्थिति में गुरुओं के प्रति भावांजलि प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुति दी गई आयोजन के दौरान साबिर खान सबीन खान अनिल परिवार राजेश्वर बिसेन सहित समस्त स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

# धनौरा में 04 अगस्त को कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में होगी विशेष जनसुनवाई

### मौके पर ही होगा समस्याओं का निराकरण..

जगप्रेरणा बलजीत सिंह, धनौरा।



***दूरस्थ अंचल के नागरिकों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय सिवनी के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी उद्देश्य से आगामी 04 अगस्त (मंगलवार)*** को जनपद पंचायत धनौरा में एक विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ऑफिस सिवनी **(Collector Office Seoni)** के आधिकारिक फेसबुक पेज से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस विशेष जनसुनवाई की अध्यक्षता स्वयं कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना करेंगी।

### प्रातः 11:00 बजे से मौके पर रहेंगे सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी..

जनपद पंचायत धनौरा प्रांगण में सुबह 11:00 बजे से आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई में जिला पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, भू-अभिलेख, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि विभाग, जनजातीय कार्य विभाग तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे और प्राप्त आवेदनों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण करेंगे।

### जिला प्रशासन की अपील..

प्रशासन ने धनौरा क्षेत्र के आमजनों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं से संबंधित दस्तावेजों के साथ अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जनसुनवाई का लाभ उठाएं।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

# धूमधाम से मनाया गया संदीपनि विद्यालय सिवनी में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का समापन समारोह..





जगप्रेरणा सिवनी।

***आज संदीपनि विद्यालय सिवनी में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का समापन समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी***

जीएस बघेल, व्याख्याता सुधीर सिंह ठाकुर, शिक्षक जीप दुबे, पालक शिक्षक समिति के अध्यक्ष सहित लगभग 102 पालक उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन से हुआ फिर अतिथियों का सम्मान सांस्कृतिक कार्यक्रम विज्ञान प्रदर्शनी आर्ट क्राफ्ट की प्रदर्शनी लगाई गई, 50 बच्चों को सम्मानित किया गया. गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अतिथियों द्वारा प्राचार्य एवं उप प्राचार्य द्वारा एवं शिक्षकों द्वारा बच्चों को संदेश दिया गया, पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।




# शासकीय महाविद्यालय घंसौर में प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में, 31 जुलाई तक करें आवेदन..

### प्रवेश मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को मिलेगा सीधे प्रवेश का अवसर..

जगप्रेरणा घंसौर।

***उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए शासकीय महाविद्यालय घंसौर ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की है।***

महाविद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है, ताकि वे नए सत्र में अध्ययन का लाभ उठा सकें।

महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश संबंधी जानकारी, आवश्यक मार्गदर्शन तथा सीधे प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रवेश प्रक्रिया एमपी ई-प्रवेश **(EPravesh MP Portal)** के माध्यम से ऑनलाइन संचालित की जा रही है। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को अपनी अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास (डोमिसाइल) प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट आकार का फोटो सहित आवश्यक दस्तावेज तैयार रखना होगा। सीमित सीटों को देखते हुए विद्यार्थियों को अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना शीघ्र आवेदन करने की सलाह दी गई है।

महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी प्राध्यापकों का मार्गदर्शन तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार करता है। इच्छुक विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय कार्यालय अथवा निर्धारित संपर्क माध्यमों से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी पात्र विद्यार्थियों से समय पर आवेदन कर अपने उच्च शिक्षा के सपनों को साकार करने का आह्वान किया है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

4 गुरुवार 30 जूलाई 2026
जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी, लालबर्रा, बैहर, मलाजखंड, परसवाड़ा..
रामपायली, खैरलांजी, तिरोड़ी, महकेपार, उकवा, गढ़ी, बिरसा, कनकी, बेहरई..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बुजुर्गों के हकों पर प्रशासनिक 'ताला', 4 महीने से 1300 वृद्धजन दाने-दाने को मोहताज..

जगप्रेरणा कटंगी।

***'सबका साथ, सबका विकास' का खोखला नारा तब दम तोड़ देता है, जब समाज के सबसे असहाय और बुजुर्ग वर्ग को अपने ही जायज हक के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं।***





कटंगी नगर परिषद में 'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना' प्रशासनिक उदासीनता और सरकारी तंत्र की क्रूरता का नया प्रतीक बन चुकी है। यहाँ के करीब 1300 बुजुर्ग पिछले 4 महीनों से अपनी मासिक पेंशन के लिए तड़प रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सोए हैं।हर दिन टूटती आस, बैंक के चक्कर काटने को मजबूर बुजुर्गगरीबी रेखा के नीचे (ब्लब्क) जीवन बसर करने वाले इन बुजुर्गों के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली मात्र 600 रुपये की मासिक राशि ही एकमात्र सहारा है। यह कोई सरकारी खैरात नहीं, बल्कि उनका हक है।

विडंबना देखिए, अपनी ढलती उम्र में लाठी के सहारे चलने वाले ये वृद्धजन हर दिन इस उम्मीद में बैंक और सरकारी दफ्तरों की चौखट लांघते हैं कि शायद आज उनके खाते में पैसा आ गया हो। मगर हर बार उन्हें सिर्फकोरा आश्वासन और निराशा ही हाथ लगती है।न दवा के पैसे, न राशन का ठिकानाः क्या यही है सुशासन?अचानक पेंशन बंद होने से इन 1300 परिवारों के सामने भुखमरी की नौबत आ गई है। कई लाचार बुजुर्गों ने रोते हुए अपनी व्यथा सुनाई कि उनके पास न तो जरूरी दवाइयाँ खरीदने के पैसे बचे हैं और न ही घर में राशन लाने का कोई जरिया। बीमारी और भूख से जूझते ये वृद्धजन खुद को ठगा और असहाय महसूस कर रहे हैं। क्या डिजिटल इंडिया का दावा करने वाली सरकार इन बुजुर्गों की आंखों के आंसू नहीं देख पा रही? आखिर तकनीकी खराबी या प्रशासनिक सुस्ती का खामियाजा ये मासूम बुजुर्ग क्यों भुगतें?एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, अब आर-पार की लड़ाई का मूडप्रशासन के बहरे कानों तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए आखिरकार 28 जुलाई को सैकड़ों बुजुर्गों ने हिम्मत जुटाई और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटंगी को एक तीखा शिकायती आवेदन सौंपा।

सौंपे गए इस आवेदन पर दर्जनों बुजुर्गों के कांपते हाथों के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान इस बात की गवाही दे रहे हैं कि उनका सब्र अब टूट चुका है। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने भी प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि इस गंभीर मानवीय संकट का तुरंत समाधान नहीं किया गया और रुकी हुई पेंशन राशि खातों में नहीं डाली गई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। अब देखना यह है कि संवेदनशील होने का दावा करने वाला बालाघाट जिला प्रशासन इस पर क्या त्वरित कार्रवाई करता है, या फिर बुजुर्गों को यूं ही तड़पने के लिए छोड़ दिया जाएगा।

# मासूम की दर्दनाक मौतः कोसमी नाले की झाड़ियों में फंसा ढाई साल का उमंग, अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

जगप्रेरणा कटंगी।

***क्षेत्र के ग्राम अगासी से एक बेहद हृदयविदारक और दुखद खबर सामने आई है, जहाँ कोसमी नाले में डूबने से ढाई वर्षीय मासूम बालक की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद से पूरे ग्रामीण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।***



प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम अगासी निवासी सुनील बारमाटे का ढाई वर्षीय पुत्र उमंग बारमाटे अचानक घर के पास स्थित कोसमी नाले की ओर चला गया था। देखते ही देखते मासूम नाले के तेज बहाव की चपेट में आ गया और बह गया। जब परिजनों को बालक के लापता होने का अहसास हुआ, तो उन्होंने तत्काल उसकी खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद भी जब उमंग का कुछ पता नहीं चला, तो घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई।सूचना मिलते ही कटंगी पुलिस बल पूरी सक्रियता के साथ मौके पर पहुँचा और नाले में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस और स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद शाम लगभग 5:00 बजे मासूम उमंग का शरीर नाले में आगे जाकर झाड़ियों में फंसा हुआ मिला। पुलिस ने अत्यंत तत्परता दिखाते हुए उसे झाड़ियों से बाहर निकाला और तुरंत उपचार के लिए कटंगी शासकीय अस्पताल ले जाया गया।अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों की टीम ने बालक का स्वास्थ्य परीक्षण किया, लेकिन दुर्भाग्यवश डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। नाले के पानी में अत्यधिक समय तक डूबे रहने के कारण मासूम की सांसें थम चुकी थीं। इस दुखद खबर के मिलते ही अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई।घटना के बाद कटंगी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस प्रशासन द्वारा शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई गई, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना के हर पहलू पर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# बदहाली के आंसू रो रही कटंगी - देवरी से काली माटी मार्ग, कीचड़ और गड्ढों से राहगीर व स्कूली बच्चे परेशान

जगप्रेरणा कटंगी।

***क्षेत्र के कटंगी-देवरी से काली माटी बोरीखेड़ा तक जाने वाला लगभग 4 किलोमीटर का मुख्य मार्ग इस समय अपनी बदहाली पर आंसू रो रहा है। भारी ट्रैफिक के दबाव और रखरखाव के अभाव***





में यह पूरी सड़क कीचड़ और गहरे गड्ढों के तालाब में तब्दील हो चुकी है। सड़क की इस जर्जर हालत के कारण यहां से गुजरने वाले राहगीरों, क्षेत्र के किसानों और रोजाना स्कूल जाने वाले मासूम बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन राहगीर इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं।तीन ग्राम पंचायतों की सरहद, विकास से दूरस्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क देवरी, नंदौरा एवं कालेमाटी ग्राम पंचायत की सरहदों से लगी हुई है। लगभग 10 साल पहले इन तीनों ग्राम पंचायतों ने आपस में मिलकर आपसी सहयोग से इस रोड का निर्माण करवाया था। तब से लेकर आज तक इस मार्ग की सुध किसी ने नहीं ली। लंबे समय से मरम्मत न होने और भारी वाहनों के लगातार आवागमन के कारण अब सड़क का नामोनिशान मिट चुका है।

हर तरफ सिर्फ घुटनों तक कीचड़ और जानलेवा गड्ढे ही नजर आते हैं।विधायक और ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग से ही आसचूंकि यह मार्ग तीन पंचायतों की सीमा पर स्थित है, इसलिए इसके स्थायी और मजबूत निर्माण के लिए ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग (ऋश्वस्) या फिर क्षेत्रीय विधायक स्तर से ही प्रयास संभव हैं। पंचायतों के पास इतना बजट नहीं है कि वे इस भारी ट्रैफिक वाले मार्ग का दोबारा सुदृढ़ीकरण करा सकें। यही कारण है कि अब क्षेत्र के त्रस्त ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक से इस रोड को सुव्यवस्थित और पक्का बनाने की पुरजोर मांग की है।

आवागमन सुगम करने की गुहारग्रामीणों का कहना है कि यदि विधायक महोदय जनता की इस जायज और बेहद गंभीर परेशानी को देखते हुए अपने कोटे या विभाग के माध्यम से इस रोड को स्वीकृत करवा देते हैं, तो क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन की बड़ी सुविधा मिल जाएगी। किसानों को अपनी उपज मंडी तक ले जाने में आसानी होगी और स्कूली बच्चे भी बिना किसी डर और परेशानी के स्कूल आ-जा सकेंगे।

# कटंगी महाविद्यालय में महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व का आयोजन, विधायक गौरव सिंह पारधी ने किया गुरुजनों का सम्मान..

जगप्रेरणा कटंगी।

***गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर राजा भोज शासकीय महाविद्यालय, कटंगी में महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कटंगी विधायक एवं महाविद्यालय***

जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने गुरुजनों का शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया तथा विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और महाविद्यालय परिवार के साथ गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर विचार साझा किए।





## भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च : विधायक गौरव सिंह पारधी

अपने संबोधन में विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा, संस्कार और व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता के बाद गुरु ही व्यक्ति को समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराते हैं। विधायक श्री पारधी ने सभी गुरुजनों के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सतत मार्गदर्शन की कामना करते हुए गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

## मुख्य वक्ताओं ने गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व बताया

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री दिनेश मेश्राम ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति की पहचान गुरु-शिष्य परंपरा से है। गुरु केवल ज्ञान का संचार नहीं करते, बल्कि चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों और जीवन के आदर्शों की स्थापना भी करते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों के मार्गदर्शन का सम्मान करते हुए अनुशासन, संस्कार और निरंतर अध्ययन को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। वहीं श्रीमती कुसुमलता उइके ने भी गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में गुरुजनों की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री दिनेश मेश्राम, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल शेंडे, श्रीमती कुसुमलता उइके, वैभव गुप्ता, टिंकल बाघमरे, अनुज अग्रवाल, प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएँ एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गुरु-शिष्य परंपरा, भारतीय संस्कृति एवं शिक्षा के मूल्यों पर सारगर्भित विचार रखे गए।

# पवारी/पोवारी पाठशाला की वेबसाइट का भव्य विमोचन, पवारी भाषा संरक्षण को मिलेगा नया डिजिटल आयाम..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।



राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा भारत की कार्यकारिणी बैठक के अवसर पर 'पवारी/पोवारी पाठशाला' की आधिकारिक वेबसाइट का विधिवत विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम पंवार मंगल भवन, बालाघाट में राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा भारत, जिला पंवार संगठन बालाघाट एवं पंवार मांदी समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। पवारी भाषा के संरक्षण, संवर्धन, प्रलेखन एवं डिजिटल अभिलेखीकरण के उद्देश्य से संचालित 'पवारी/पोवारी पाठशाला' की वेबसाइट का शुभारंभ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी तथा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष टी. डी. बिसेन द्वारा किया गया। यह वेबसाइट पवारी भाषा के अध्ययन-अध्यापन, शिक्षण सामग्री, प्रलेखन एवं भावी शोध कार्यों के लिए एक महत्वपूर्ण डिजिटल मंच सिद्ध होगी।

उल्लेखनीय है कि 'पवारी/पोवारी पाठशाला' के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार सायं 7:30 बजे नियमित ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इन्हीं कक्षाओं तथा भाषा-संबंधी सामग्री के व्यवस्थित प्रलेखन एवं व्यापक प्रसार के उद्देश्य से इस वेबसाइट का निर्माण किया गया है।

बैठक में महासभा के महासचिव अर्पण बिसेन, सांसद भारती पारधी, पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, विधायक मधु भगत, महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बी. एम. शरणागत, जिला पंवार संगठन के पदाधिकारी, पंवार मांदी समिति के पदाधिकारी तथा महासभा के अनेक प्रतिनिधि एवं समाजजन उपस्थित रहे।

वेबसाइट के निर्माण एवं विकास का कार्य पवारी भाषा के अध्यापक तथा शोध परिषद् के संयोजक डॉ. तूफान सिंह पारधी तथा पंकज टेंभरे 'जुगनू' द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में डॉ. प्रतिभा बिसेन ने 'पवारी/पोवारी पाठशाला' की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी, जबकि वेबसाइट की विशेषताओं, उपयोगिता एवं भविष्य की योजनाओं पर डॉ. तूफान सिंह पारधी एवं पंकज टेंभरे 'जुगनू' ने विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यकारिणी बैठक में उपस्थित समाजजनों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे पवारी भाषा के संरक्षण, संवर्धन तथा डिजिटल दस्तावेजीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम बताया। यह वेबसाइट आने वाली पीढ़ियों तक पवारी भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी ऐसा माना जा रहा है।

## न्यायालय अपर कलेक्टर बैहर, जिला-बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक /63 / अति.कले. / वि.अधि. / 2026

बैहर, दिनाँक 19/07/2026

**।। सार्वजनिक सूचना ।।**

**विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण की सूचित किया जाता है कि आवेदकगण प्रशांत कावरे पिता श्री लालचंद कावरे उम्र 26 वर्ष जाति मरार निवासी सम्हेपुर तहसील बैहर जिला बालाघाट म.प्र. एवं हीना चौधरी पिता मुलायम चौधरी उम्र 24 वर्ष जाति अहिरवार निवासी चिल्फी तहसील बोडला जिला कबीरधाम छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा-5 के अंतर्गत द्वितीय अनुसूची में उल्लेखित प्रारूप में आशयित विवाह की सूचना / आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है। उक्त आशयित विवाह की सूचना की एक प्रति इस इश्तेहार के साथ संलग्न प्रेषित है। उक्त प्रकरण की नियत सुनवाई दिनांक 30/07/2026 नियत है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/जनसाधारण को आवेदकगणों के विवाह में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति स्वयं व अपने अभिभाषक के माध्य से इस न्यायालय के समक्ष नियत सुनवाई दिनांक 30/07/2026 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर
विशेष विवाह अधिकारी
बैहर, जिला - बालाघाट (म.प्र.)




# घर के पीछे कुएं की गिरी में फंदे पर लटका मिला युवक, पुलिस जांच में जुटी

## प्रारंभिक जांच में मानसिक परेशानी और शराब की लत की बात सामने आई



जगप्रेरणा परसवाड़ा।

थाना क्षेत्र के ग्राम कनई में बुधवार दोपहर एक 35 वर्षीय युवक का शव घर के पीछे स्थित कुएं की गिरी में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस से प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अनिल पिता रेवाराम (35), निवासी ग्राम कनई के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना बुधवार दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच की है। युवक ने अपने घर के पीछे कुएं की गिरी में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में यह जानकारी सामने आई है कि मृतक अविवाहित था और अपनी माता के साथ रहता था। पुलिस के अनुसार वह लंबे समय से अत्यधिक शराब का सेवन करता था तथा उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं बताई जा रही है। हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। घटना की सूचना मिलते ही थाना परसवाड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव का पंचनामा तैयार किया तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी।



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## शासकीय हाई स्कूल बगलई में बड़ी चोरी

# करीब 3 लाख की आइसीटी लेब के कम्प्यूटर सिस्टम, सीसीटीवी, एलईडी स्मार्ट टीवी पार..







जगप्रेरणा केवलारी (सिवनी)।

***बदलते समय के साथ चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। अब वे सरकारी संस्थानों तक को निशाना बनाने से नहीं हिचकिचा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफकर***

देना आम होता जा रहा है।ऐसी घटनाएं न केवल पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती हैं, बल्कि आम नागरिकों में भी असुरक्षा की भावना पैदा कर रही हैं। लगातार बढ़ती चोरियों ने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी कड़ी में जिले की विकासखण्ड केवलारी अंतर्गत संचालित शासकीय हाई स्कूल बगलई में अज्ञात चोरों ने 28 जुलाई की रात विद्यालय को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

### इस तरह घटीत हुई चोरी की घटना

प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय में पदस्थ भृत्य राकेश पटेल प्रतिदिन की तरह 29 जुलाई को विद्यालय खोलने के लिए लगभग 9.40 पर स्कूल आएं, जंहा बच्चों ने बताया कि स्कूल के चैनल गेट का ताला टुटा हुआ है, इसकी जानकारी शिक्षक बी एस बुंदेला को दी गई। जानकारी मिलते ही शिक्षक बी एस बुंदेला, पार्षद पुरूषोत्तम बघेल के साथ विद्यालय पहुंचे। स्कूल पंहुचने पर देखा कि ताले टुटे हुए हैं और कम्प्यूटर कक्ष में लगा ताला टुटा हुआ था तथा 10 कम्प्यूटर के सीपीयू सिस्टम खुले पड़े थे, 65 इंच सेमसंग बिजनेस स्मार्ट टीवी तथा सीसीटीवी डीबीआर नहीं थी। इसकी सूचना प्राचार्य सी एम बघेल को दी गई। प्राचार्य सर के द्वारा केवलारी थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। चोरी की गई सामग्री की कीमत करीब 3 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस थाना केवलारी की टीम मौके पर पहुंची और प्राथमिक जांच शुरू कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर फिंगर प्रिंट लिए गए तथा अन्य संदिग्ध वस्तुओं को जांच के लिए अपने कब्जे में लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है।

### आइसीटी लेब के लिए आए थे 9 कम्प्यूटर सिस्टम

विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि इस सत्र से विद्यालय में आइसीटी की कक्षाएं संचालित होना था जिसके चलते शासन से 9 कम्प्यूटर सिस्टम और स्मार्ट टीवी प्राप्त हुई थी, जिनका इंस्टालेशन 23 जुलाई को हुआ था, तथा उन्हें उपयोग में अभी नहीं लाया गया था। साथ ही विद्यालय के विभिन्न कार्य संचालित होने वाले अन्य 2 कम्प्यूटर के सीपीयू सिस्टम से हार्ड डिस्क, प्रोसेसर और रैम निकाल लिया गया।प्राचार्य ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए तथा चोरी गया शासकीय सामान वापस दिलाया जाए।

### हाल ही में मरम्मत किए थे सीसीटीवी

विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर ख़राब हो जाने से उसे दिनांक 18 जुलाई 2026 को आर्यन कम्प्यूटर केवलारी के 2 कर्मचारी के द्वारा सुधार कार्य किया गया था। वहीं दिनांक 23 जुलाई 2026 को कम्प्यूटर सिस्टम की फिटिंग की गई थी। जिस तरह से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है उसे देखकर आमजन का कहना है कि ऐसी सिस्टमैटिक चोरी कोई कम्प्यूटर एक्सपर्ट के द्वारा ही की जा सकती है। चोरों के द्वारा कम्प्यूटर कक्ष में रखे सभी मानीटर, कीबोर्ड माउस केबल तथा दस्तावेज को किसी तरह का नुक़सान नहीं पहुंचाया गया किन्तु 10 सीपीयू को सुरक्षित तरीके से खोलकर उसके अंदर से हार्ड डिस्क, प्रोसेसर और रैम निकाल कर तथा सबूत मिटाने के उद्देश्य के साथ सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर को चोरी किया गया है। फिलहाल यह पुलिसिया जांच में पता चल पाएगा कि चोर कितने शातिर है कब तक छुपकर रहेंगे।

### लगातार चोरी की घटनाओं से लोगों में आक्रोश, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

**केवलारी क्षेत्र में इसके पहले भी कई बड़ी चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक अधिकांश मामलों में पुलिस के हाथ खाली रहे हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आमजन और सरकारी संस्थानों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया तो चोरों के हौसले और बुलंद होंगे। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और पुराने चोरी के मामलों का जल्द खुलासा करने की मांग की है। अब देखना होगा कि शासकीय हाई स्कूल बगलई चोरी मामले में पुलिस कितनी जल्दी आरोपियों तक पहुंच पाती है।**

# दूरस्थ वनांचल ग्राम देवरबेली में राम नाम संकीर्तन के साथ हुआ वृक्षारोपण

### गुरु पूर्णिमा पर अखंड रामायण पाठ में शामिल हुए सैकड़ों लोग





जगप्रेरणा लांजी।

***एकल अभियान संच के तत्वावधान में सावन मास के दौरान चलाए जा रहे '30 दिनक्क30 गांव अखंड रामायण पाठ' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम देवारबेली में 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया।***

कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण एवं संगीतमय राम संकीर्तन से हुई। ग्राम के वरिष्ठजनों एवं एकल अभियान के पदाधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद भजन मंडली ने 'श्री राम, जय राम, जय-जय राम' के संकीर्तन के साथ गांव में प्रभात फेरी निकाली। रामधुन से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। एकल अभियान के कार्यकर्ताओं ने बताया कि अभियान का उद्देश्य गांव-गांव में धार्मिक चेतना, सामाजिक समरसता, नैतिक संस्कार और पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाना है।

वक्ताओं ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके आदर्शो के साथ प्रकृति संरक्षण का संकल्प भी प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। इसी भावना के साथ रामायण पाठ के साथ वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम देवारबेली के ग्रामीण, मातृशक्ति, युवा एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के अंत में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकल अभियान संच के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# गायत्री शक्ति पीठ में उल्लास पूर्वक मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

### महाप्रसाद वितरण से हुआ कार्यक्रम का समापन





जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा पर्व पर 29 जुलाई को प्रातः 6 से 7 बजे तक जप ध्यान एवं प्रातः 10 बजे से एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ व विभिन्न संस्कार सम्पन्न कराये गये, तत्पश्चात सभी उपस्थिजनों को महाप्रसादी भंडारे का वितरण किया गया।***

कार्यक्रम का संचालन गायत्री शक्तिपीठ के परिजन यशवंत बनोठे, कवनलाल लिल्हारे, धर्मेंद्र सिंह बैस, प्रहलाद बाहे, की टोली द्वारा किया गया। इस दौरान गुरु दीक्षा संस्कार, दो विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के साधकों को सावन मास में प्रतिदिन कम से कम 11 माला की साधना करने कहा।

पर्यावरण संरक्षण के संबंध में कहा कि गायत्री परिवार के द्वारा लांजी क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। साथ यह भी कहा कि प्रत्येक गांव में कम से कम दो -दो कार्यकर्ता तैयार करने तथा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को शामिल होने के लिए प्रेरित किये जाने की बात कही।

इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ लांजी के ट्रस्टी के एल मेहरबान, एस एल बिलावर, शिव कुमार अग्रवाल, पी एल जैतवार, बबलू खानोरकर, सालिकराम डोलस, श्रीमती शोभा देवी वर्मा, सुमन आसटकर, विनिता सोमनकर एवं गायत्री परिवार के श्यामलाल पांडे, जयसिंह उपराड़े, रामदयाल बड़धैया, ताराचंद भंडारकर, जागेश्वर सोनवाने, निर्भय चौधरी, मुन्नालाल गौतम, टी एल कटरे, शंकरलाल वघारे, नारायण चौरागड़े, तुपेश चौहान, शैलेन्द्र विजयवार, सरिता टिकारे, अनंतराम सोनवाने, घनश्याम खोंगल, राजहंस टेम्भरे, इशुलाल जामरे, छबीलाल मरठे, सालिक रामटेककर, इंदल सोनवाने,परिव्राजक विनोद तिड़के, मालती जैतवार, कान्ता तिड़के, कौतिका शेन्डे, लीलादेवी मोरघड़े, ममता तिड़के, सुशीला मोरघड़े, श्यामलता भरने, दुर्गाबाई तिड़के, अर्चना सहारे, अंशु श्रीवास्तव, सरिता खानोरकर, अनुराधा गव्हारे, कालिन्द्री भार्गव के अलावा अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

# गांव-गांव चला संक्रामक रोगों पर प्रहार, तीसरे चरण में जनजागरूकता और छिड़काव अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न

### डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया व चिकनगुनिया से बचाव के लिए घर-घर पहुंची टीम, ग्रामीणों को स्वच्छता और सतर्कता का दिया संदेश








**जगप्रेरणा बालाघाट।**

वर्षाकाल में फैलने वाले संक्रामक एवं वाहक जनित रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में संचालित विशेष अभियान का तीसरा चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। यशपाल स्वास्थ्य शिक्षण एवं वेलफेयर सोसाइटी, बालाघाट तथा 'हमारी दिशा हमारा कदम' एनजीओ नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चलाए गए इस अभियान के तहत ग्रामीण अंचलों में व्यापक जनजागरूकता के साथ लार्वा नियंत्रण एवं मच्छरनाशक छिड़काव कार्य किया गया। संस्था संचालक डॉ. टी.पी. टेम्भरे ने बताया कि अभियान के दौरान डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, चिकनगुनिया एवं कालाजार जैसे वाहक जनित रोगों से बचाव के लिए ग्रामीणों को घर-घर जाकर जागरूक किया गया। लोगों से अपील की गई कि वे अपने घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें, कहीं भी पानी जमा न होने दें तथा वर्षा ऋतु में विशेष सतर्कता बरतें, क्योंकि थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर बीमारियों को आमंत्रित कर सकती है।

अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हारी, धपेरा, धापेवाड़ा, विश्रामपुर, पनसेरा, जरेरा, कोलवा, पत्थरवाड़ा एवं बोदा सहित अनेक ग्राम पंचायतों में नालियों, सार्वजनिक भवनों, शौचालयों तथा अन्य संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर लार्वानाशक एवं मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। यह पहल मच्छरों के प्रजनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुई। कार्यक्रम के अंतर्गत 14 जुलाई को ग्राम पंचायत खैरी में सरपंच गौरीशंकर मोहरे एवं पंचायत सचिव की उपस्थिति में अभियान का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात 25 जुलाई को परासपानी, 26 जुलाई को लोहरा तथा 27 जुलाई को ग्राम पंचायत देवलगांव (लांजी) में छिड़काव एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोहरा में सरपंच श्रीमती शशिकला ठाकुर, पूर्व सरपंच ओंकार ठाकुर, स्वदेशी जागरण मंच (आरएसएस) के जिला संयोजक ललित येड़े सहित पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

अभियान के अंतिम चरण में 28 जुलाई को ग्राम पंचायत देवरी एवं खामघाट में भी व्यापक स्तर पर छिड़काव कार्य सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रमिला मुन्नालाल पटले, उपसरपंच अशोकनाथ बड़गुजर, सचिव बसंत चौरे, पंकज पाटिल, चमन हरिनखेड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव के संकल्प को दोहराया।

अभियान का संचालन अभियान प्रभारी के.के. गौतम के मार्गदर्शन में किया गया। वहीं अभियान दल के सदस्य अनिल उके, हितेश पारधी, अनिकेत चौधरी, राहुल एवं जितेन्द्र गौतम ने पूरे अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करते हुए ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। संस्था ने नागरिकों से अपील की है कि संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं तथा किसी भी प्रकार के बुखार या संदिग्ध लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं।



# एशियाई खेलों के लिए भारतीय हॉकी टीम में एक बदलाव, राज कुमार ने लालागे की जगह ली..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत ने जापान के आइची नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए बुधवार को घोषित की गई अपनी 20 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम में केवल एक बदलाव करके आदित्य अर्जुन लालागे की जगह मिडफील्डर राज कुमार पाल को शामिल किया है।***



राज कुमार को अगले महीने होने वाले विश्व कप के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था, लेकिन वह एशियाई खेलों के लिए वापसी करने में सफल रहे। लालागे नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम में शामिल हैं। भारतीय टीम प्रबंधन और हॉकी इंडिया के चयनकर्ताओं ने इसके अलावा विश्व कप में खेलने वाली टीम में कोई अन्य बदलाव नहीं किया है। स्टार डिफेंडर और ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे। भारत ने हरमनप्रीत की अगुवाई में ही 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीता था। भारत की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने वाले अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह सहित कई अनुभवी खिलाड़ी टीम का हिस्सा हैं।

भारतीय टीम अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'एशियाई खेलों के लिए चुनी गई भारतीय टीम बेहद अनुभवी है। हम जापान में मिलने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं जहां विजेता टीम 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेगी। यही हमारा अंतिम लक्ष्य है।' गोलकीपिंग विभाग में मोहित एचएस और सूरज करकेरा जबकि रक्षापंक्ति में जरमनप्रीत सिंह, कप्तान हरमनप्रीत, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और यशदीप सिवाच शामिल हैं।राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत, नीलकांत शर्मा और विवेक सागर प्रसाद मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि दिलप्रीत सिंह, शिलाानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह, मनदीप सिंह और अभिषेक अग्रिम पंक्ति में शामिल खिलाड़ी हैं।

हरमनप्रीत के नेतृत्व में हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की टीम मौजूदा चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में उतरेगी। उसे मेजबान जापान, कोरिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और इंडोनेशिया के साथ पूल ए में रखा गया है।

एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी में कुल 12 टीम भाग लेंगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत को एशियाई खेलों में अपनी टीम के अच्छे प्रदर्शन पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, 'चाहे युवा खिलाड़ी हों या सीनियर खिलाड़ी, मुझे सभी खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा है कि वे मौकों का पूरा फायदा उठाएंगे। हमारा मुख्य लक्ष्य दबाव में नहीं आना, खेल का आनंद लेना और अपनी जिम्मेदारियों को समझना है।' भारत एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत 20 सितंबर को इंडोनेशिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद वह पूल चरण में 22 सितंबर को श्रीलंका, 24 सितंबर को कोरिया, 26 सितंबर को जापान और 28 सितंबर को बांग्लादेश का सामना करेगा।

### एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम इस प्रकार है:

**गोलकीपर:** मोहित एचएस, सूरज करकेरा।

**डिफेंडर:** जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, यशदीप सिवाच।

**मिडफील्डर:** राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, नीलकांत शर्मा, विवेक सागर प्रसाद।

**फॉरवर्ड:** दिलप्रीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह, मंदीप सिंह, अभिषेक।

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत की महिला मुक्केबाजों का जलवा, साक्षी और अरुंधति चौधरी ने पक्का किया मेडल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाजों का दमदार प्रदर्शन लगातार जारी है। 29 जुलाई को भारतीय बॉक्सिंग टीम ने एक बार फिर शानदार खेल दिखाया।***



साक्षी चौधरी और अरुंधति चौधरी ने अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इसके साथ ही दोनों ने भारत के लिए कम से कम ब्रॉन्ज मेडल पक्का कर दिया। भारतीय मुक्केबाजों के शानदार प्रदर्शन से अब बॉक्सिंग में मेडल की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

### साक्षी चौधरी ने एकतरफा जीता मुकाबला..

महिला 51 किलोग्राम वर्ग में उतरीं साक्षी चौधरी ने उत्तरी आयरलैंड की कैटलिन फ्रायर्स को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराया। मुकाबले की शुरुआत से ही साक्षी ने आक्रामक खेल दिखाया और अपने प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। तीनों राउंड में पांचों जजों ने साक्षी को बेहतर मुक्केबाज माना। दूसरे राउंड में रेफरी द्वारा एक पॉइंट काटे जाने के बावजूद उनकी जीत पर इसका कोई असर नहीं पड़ा।

इस जीत के साथ साक्षी चौधरी ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए मेडल सुनिश्चित करने वाली पांचवीं मुक्केबाज बन गईं। इससे पहले प्रीति पवार (54 किग्रा), प्रिया घंघास (60 किग्रा) और जादुमणि सिंह (पुरुष 55 किग्रा) अपने-अपने क्वार्टरफाइनल जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। वहीं ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन को महिला 75 किलोग्राम वर्ग में केवल पांच मुक्केबाज होने के कारण सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला था, जिससे उनका मेडल भी पहले ही पक्का हो गया था।

### अरुंधति चौधरी ने भी किया कमाल..

साक्षी की जीत के कुछ ही समय बाद भारत को एक और बड़ी सफलता मिली। महिला 70 किलोग्राम वर्ग में अरुंधति चौधरी ने न्यूजीलैंड की मॉर्गन हेंडरसन को कड़े मुकाबले में स्प्लिट डिसीजन से हराकर अंतिम चार में जगह बना ली। इस जीत के साथ अरुंधति ने भी भारत के लिए कम से कम ब्रॉन्ज मेडल सुनिश्चित कर दिया।

अरुंधति की सफलता के बाद कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के कुल मेडल की संख्या 18 तक पहुंच गई। भारतीय बॉक्सर अब तक 6 मेडल पक्के कर चुके हैं, जबकि कई भारतीय मुक्केबाजों के क्वार्टरफाइनल मुकाबले अभी बाकी हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि भारतीय बॉक्सिंग दल इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकता है। भारतीय बॉक्सर्स का कॉमनवेल्थ गेम्स में बेस्ट प्रदर्शन 2018 में आया था। गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स 2018 में भारत को बॉक्सिंग में 9 मेडल मिले थे।

# शुभमन गिल ने वनडे रैंकिंग में नंबर-1 की पोजीशन पर किया कब्जा, टॉप-5 में तीन भारतीय..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय क्रिकेट टीम के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल का दोनों ही फॉर्मेट में बल्ले से पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में भले ही टीम इंडिया को 2-1 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन उसमें गिल का शानदार प्रदर्शन बल्ले से देखने को मिला था।***



हालांकि उस सीरीज का आखिरी मुकाबला 19 जुलाई को खेला गया था, जिसके बाद 22 जुलाई को अपडेट हुई आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में गिल दूसरे नंबर पर थे, लेकिन अब उन्हें बिना कोई मुकाबला खेले ही फायदा मिला है जिसमें शुभमन गिल अब आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 की पोजीशन पर काबिज हो गए हैं जिसमें उन्होंने न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को उस पोजीशन से हटाया है। वनडे रैंकिंग में टॉप-5 प्लेयर्स में तीन भारतीय खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं।

### मिचेल को दो वनडे मैच नहीं खेलने गिल को मिला फायदा..

शुभमन गिल को आईसीसी की तरफसे जारी की गई लेटेस्ट वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 की पोजीशन पर पहुंचने का फायदा डेरिल मिचेल के नहीं खेलने से मिला है। वेस्टइंडीज दौरे पर खेली गई 5 मैचों की वनडे सीरीज के दो मुकाबलों में मिचेल नहीं खेले थे, जिसमें पहले जहां उनके नंबर-1 की पोजीशन पर काबिज होने के साथ 802 रेटिंग प्वाइंट थे तो वहीं अब वह नंबर-2 पर पहुंचने के साथ 794 रेटिंग प्वाइंट हो गए हैं। इसका सीधा फायदा शुभमन गिल को मिल गया और वह 801 रेटिंग प्वाइंट के साथ अब नंबर-1 की पोजीशन पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा टॉप-5 में विराट कोहली 767 रेटिंग प्वाइंट के साथ तीसरे नंबर पर हैं, जबकि रोहित शर्मा 758 रेटिंग प्वाइंट के साथ चौथे नंबर पर काबिज हैं।

### टेस्ट में अब गिल के पास अपनी रैंकिंग सुधारने का मौका..

टीम इंडिया को अब इंटरनेशनल क्रिकेट में अपनी अगली सीरीज टेस्ट फॉर्मेट में खेलनी है जो 15 अगस्त से शुरू हो रहे श्रीलंका के दौरे पर खेली जाने वाली दो मैचों की सीरीज है। इस सीरीज में भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल के पास अपनी रैंकिंग में सुधार करने का शानदार मौका रहने वाला है जिसमें वह अभी 743 रेटिंग प्वाइंट के साथ 7वें नंबर पर हैं। वहीं टॉप-10 में दूसरा नाम यशस्वी जायसवाल का है जो 733 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ 9वें नंबर पर हैं।

# मार्शल आर्ट्स से एक्टिंग और फिल्म मेकिंग में एंट्री, फिर भी देव आनंद के साए में नहीं चमकी सुनील की किस्मत, जिंदगी भर सहेजते रहे पिता की विरासत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***किसी महान और दिग्गज पिता के साये में अपनी अलग पहचान बनाना कभी आसान नहीं होता। हिंदी सिनेमा के महान अभिनेता और फिल्मकार देव आनंद के इकलौते बेटे सुनील आनंद ने अपने पूरे करियर में इस दबाव को बखूबी महसूस किया।***



अभिनेत्री कल्पना कार्तिक और देव आनंद के घर जन्मे सुनील का बचपन और पूरा जीवन फिल्मों, जाने-माने कलाकारों और देश के बड़े फिल्म निर्माताओं के बीच बीता।

26 जुलाई 2026 को लंदन में दिल का दौरा पड़ने के कारण 70 वर्ष की आयु में सुनील आनंद का निधन हो गया। उनके निधन के बाद उनके संक्षिप्त अभिनय करियर, एक मुख्य अभिनेता के रूप में खुद को स्थापित करने के उनके संघर्ष और अपने पिता की सिनेमाई विरासत को सहेजने के प्रति उनके समर्पण की चर्चा एक बार फिर से शुरू हो गई है।

### हिंदी सिनेमा के विख्यात आनंद परिवार में जन्म..

सुनील आनंद का जन्म वर्ष 1956 में स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख शहर में हुआ था। वह भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित परिवारों में से एक से ताल्लुक रखते थे। उनके चाचा चेतन आनंद और विजय आनंद देश के अग्रणी और प्रशंसित निर्देशकों में गिने जाते थे, जबकि प्रसिद्ध फिल्म निर्माता शेखर कपूर भी उनके करीबी रिश्तेदारों में शामिल थे।

फिल्मों में कदम रखने से पहले सुनील ने अपनी शिक्षा पर ध्यान दिया। उन्होंने वाशिंगटन डीसी स्थित अमेरिकन यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में डिग्री प्राप्त की। भारत लौटने के बाद उन्होंने तुरंत अभिनय में उतरने के बजाय अपने पिता देव आनंद के साथ कई फिल्मों में बतौर सहायक निर्देशक काम किया और फिल्म निर्माण की बारीकियों को समझा।

### 'आनंद और आनंद' से धमाकेदार लॉन्चिंग, पर नहीं मिला मनचाहा रिजल्ट..

देव आनंद ने वर्ष 1984 में निर्मित अपनी फिल्म 'आनंद और आनंद' से अपने बेटे सुनील को बतौर मुख्य अभिनेता बॉलीवुड में लॉन्च किया। इस पारिवारिक ड्रामा फिल्म में खुद देव आनंद, राखी, स्मिता पाटिल और विश्वजीत चटर्जी जैसे दिग्गज कलाकार शामिल थे। इतने बड़े और मशहूर कलाकारों की मौजूदगी के बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी। इसके बाद सुनील को वर्ष 1986 में फिल्म 'कार थीफ' में काम करने का मौका मिला, जिसमें वह अभिनेत्री विजयेता पंडित के विपरीत नजर आए। बाद में उन्होंने अपने चाचा विजय आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म 'मैं तेरे लिए' में मीनाक्षी शेषाद्रि के साथ काम किया। हालांकि इन फिल्मों से भी उनके अभिनय करियर को वह रफ्तार नहीं मिल सकी जिसकी उम्मीद की जा रही थी।

### मार्शल आर्ट्स सीखा और बनाई अपनी फिल्म..

अभिनय से काफी समय तक दूर रहने के बाद, सुनील आनंद ने वर्ष 2001 में फिल्म 'मास्टर' से फिर से वापसी करने का प्रयास किया। इस फिल्म में उन्होंने न केवल मुख्य भूमिका निभाई, बल्कि इसका निर्देशन भी खुद ही किया। इस मार्शल आर्ट्स आधारित प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने काफी मेहनत की थी और हांगकांग जाकर विंग चुन मार्शल आर्ट्स का कड़ा प्रशिक्षण भी लिया था। उनकी यह वापसी भी व्यावसायिक रूप से सफल नहीं हो सकी, जिससे एक मुख्यधारा के अभिनेता और निर्देशक के रूप में उनकी यात्रा पर विराम लग गया।

बाद में उन्होंने गोवा के ड्रग कारोबार की पृष्ठभूमि पर आधारित वागाटोर मिक्सर नामक एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट की घोषणा की थी, लेकिन निर्माताओं के बीच हुए विवादों के कारण यह फिल्म कभी रिलीज नहीं हो सकी।

### पिता देव आनंद के प्रति अटूट निष्ठा और सम्मान..


भले ही सुनील आनंद अपने पिता की तरह अभूतपूर्व स्टारडम और सफलता हासिल नहीं कर सके, लेकिन वह हमेशा अपने पिता के प्रति बेहद समर्पित रहे। अपने पिता के बारे में बात करते हुए सुनील ने एक बार कहा था कि देव आनंद न केवल एक महान कलाकार थे, बल्कि वह एक बेहद अध्ययनशील और जानकार व्यक्ति भी थे, जो किसी भी महफिल में किसी भी विषय पर बात करने का हुनर रखते थे। उन्होंने हमेशा अपने पिता को अपनी प्रेरणा का स्रोत माना और उनकी सिनेमाई विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। वर्ष 2008 में जब देव आनंद की क्लासिक फिल्म 'गाइड' का डिजिटल रेस्टोरेशन किया गया तो सुनील ही उसे कान फिल्म फेस्टिवल में लेकर गए थे।

इसके साथ ही उन्होंने पारिवारिक प्रोडक्शन हाउस नवकेतन फिल्म्स की जिम्मेदारी भी संभाली। आकिर के दिनों में सुनील आनंद सार्वजनिक जीवन और मीडिया की चमक-धमक से दूर हो गए थे और केवल विशेष अवसरों पर ही दिखाई देते थे। भले ही उनका फिल्मी करियर उनके पिता की विशाल सफलताओं के सामने छोटा रहा हो, लेकिन नवकेतन फिल्म्स के इतिहास और आनंद परिवार की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

# करिश्मा कपूर और अभिषेक बच्चन की टूटी सगाई पर बड़ा खुलासा, 22 साल पुरानी दास्तां पर निर्देशक सुनील दर्शन ने किया दावा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***हिंदी सिनेमा के दो सबसे बड़े और बड़े परिवारों कपूर और बच्चन परिवार का रिश्ता कभी एक बेहद खास मोड़ पर था। साल 2002 में अमिताभ बच्चन के 60वें जन्मदिन के भव्य समारोह के दौरान करिश्मा कपूर***



और अभिषेक बच्चन ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था, जिसके तुरंत बाद दोनों की सगाई की घोषणा भी कर दी गई थी। हालांकि यह सगाई लंबे समय तक नहीं टिक सकी और महज कुछ महीनों बाद 2003 की शुरुआत में ही यह रिश्ता टूट गया। सालों तक इस अलगाव को लेकर कई तरह की अफवाहें और अटकलें लगाई जाती रहीं, लेकिन कपूर या बच्चन परिवार में से किसी ने भी कभी सार्वजनिक रूप से इसके पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया। दोनों परिवारों ने हमेशा इस संवेदनशील मुद्दे पर एक गरिमापूर्ण चुप्पी बनाए रखी। आज अभिषेक बच्चन ऐश्वर्या राय के साथ एक खुशहाल शादीशुदा जिंदगी बिता रहे हैं, लेकिन अब फिल्म निर्देशक सुनील दर्शन ने इस ऐतिहासिक सगाई के टूटने और उसके बाद की घटनाओं पर कई हैरान करने वाले खुलासे किए हैं।

### 'हां मैंने भी प्यार किया' के सेट पर परवान चढ़ा था प्यार..

फिल्म निर्माता-निर्देशक सुनील दर्शन का उस दौर में करिश्मा कपूर के साथ काफी गहरा और पेशेवर रिश्ता था। उन्होंने करिश्मा को 'जानवर', 'एक रिश्ता: द बॉन्ड ऑफ लव' और 'हां मैंने भी प्यार किया' जैसी सफल फिल्मों में निर्देशित किया था। सुनील दर्शन ने करिश्मा और अभिषेक के रिश्ते को काफी करीब से पनपते और ढलते देखा था। हिंदी रश को दिए एक इंटरव्यू में उस दौर को याद करते हुए सुनील दर्शन ने बताया कि जब फिल्म 'हां मैंने भी प्यार किया' की शूटिंग शुरू होने वाली थी, तब तक दोनों परिवारों ने उनकी शादी तय कर दी थी। उन्होंने कहा, 'उनका रिश्ता 'एक रिश्ता' फिल्म की शुरुआत से भी पहले शुरू हो चुका था और समय के साथ काफी गहरा होता गया। जब मैंने 'हां मैंने भी प्यार किया' की योजना बनाई, तब तक यह पक्का हो चुका था कि दोनों शादी करने वाले हैं। अमिताभ बच्चन के बेटे और राज कपूर की पोती की यह जोड़ी बेहद खूबसूरत और आकर्षक थी। हालांकि यह विडंबना ही है कि पर्दे पर दोनों की साथ में एकमात्र फिल्म यही बनकर रह गई।'

### सगाई टूटने वाले दिन घर पर ही मौजूद थे निर्देशक..

सुनील दर्शन ने उस ऐतिहासिक दिन को याद किया जब करिश्मा और अभिषेक की सगाई आधिकारिक तौर पर रद्द कर दी गई थी। उन्होंने खुलासा किया कि जिस दिन यह फैसला लिया गया, वह इत्तेफाक से करिश्मा कपूर के घर पर ही मौजूद थे। उन्होंने बताया, 'यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था कि शादी टूट गई। उस फैसले के बाद जो भावनात्मक उथल-पुथल और मानसिक तनाव दोनों को झेलना पड़ा, उसका अंदाजा कोई बाहर वाला पूरी तरह नहीं लगा सकता। सगाई टूटने के तुरंत बाद करिश्मा नए साल का जश्न मनाने के लिए बैंकॉक चली गईं। वहां से लौटने के बाद अचानक मुझे खबर मिली कि वह बिजनेसमैन संजय कपूर से शादी करने जा रही हैं। सच कहूं तो मैं उनके इस अचानक लिए गए फैसले को कभी समझ ही नहीं पाया।'

### सगाई टूटने की वजह..

करिश्मा और अभिषेक के ब्रेकअप को लेकर मीडिया में सालों से बबीता कपूर और जया बच्चन को जिम्मेदार ठहराने की कहानियां बनाई जाती रही हैं। लेकिन सुनील दर्शन का मानना है कि किसी एक व्यक्ति को इसके लिए दोषी ठहराना सरासर गलत होगा। रिश्तों के निजी ताने-बाने पर बात करते हुए उन्होंने कहा, 'लोग बबीता जी, जया जी, करिश्मा या अभिषेक को दोष देते हैं, लेकिन मेरा मानना है कि ऐसी बातों को किस्मत पर छोड़ देना चाहिए। उन दोनों के बीच एक जुनून भरा लेकिन तकरार वाला रिश्ता था। प्यार को जाहिर करने का हर किसी का अपना तरीका होता है। दोनों के बीच विचारों और मिजाज को लेकर काफी मतभेद रहते थे, जो समय के साथ बढ़ते चले गए।'

### बैंकॉक ट्रिप के बाद संजय कपूर से शादी और आगे का सफर..

फिल्ममेकर को वह दिन भी याद है जब सगाई टूटी थी, उन्होंने बताया कि जब यह सब हुआ, तब वे करिश्मा के घर पर ही थे। वो कहते हैं, 'संयोग से, जब सगाई टूटी तो मैं करिश्मा के घर पर ही था। यह दुखद है कि शादी नहीं हो पाई। मुझे नहीं लगता कि उसके बाद हुई आलोचना या इमोशनल उथल-पुथल को कोई पूरी तरह समझ सकता है। फिर वह न्यू ईयर मनाने बैंकॉक गई और अचानक मुझे पता चला कि वह संजय से शादी करने वाली हैं। मुझे उनका यह फैसला कभी समझ नहीं आया।' सगाई टूटने के कुछ ही महीनों बाद 29 सितंबर 2003 को करिश्मा कपूर ने बिजनेसमैन संजय कपूर के साथ सिख रीति-रिवाज से विवाह कर लिया। इस शादी से करिश्मा के दो बच्चे समायरा और कियान हुए। हालांकि यह शादी भी लंबे समय तक नहीं चल सकी और दोनों के बीच कड़वाहट बढ़ती गई। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार वर्ष 2016 में करिश्मा और संजय का तलाक हो गया। तलाक के बाद वर्ष 2017 में संजय कपूर ने मॉडल प्रिया सचदेव से शादी कर ली, जिनसे उनका एक बेटा अजरियास हुआ। जून 2025 में 53 वर्ष की आयु में इंग्लैंड में पोलो खेलते समय दिल का दौरा पड़ने से संजय कपूर का निधन हो गया।


दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433




# साहित्य अभिव्यक्ति






दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## 'हम करें राष्ट्र आराधना'..

कवि एवं शायर इकबाल ने अपने एक गीत में लिखा है ÷ कुछ बात है कि हस्ती, मिट ती नहीं हमारी।

सदियों रहा है दुश्मन ,
दौर -ए - जहां हमारा।।
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा ।।

वास्तव में हमारा यह भारतवर्ष एक सांस्कृतिक ,आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक चेतना का मुख्य स्त्रोत था और आज भी है।विश्व गुरु बनकर समस्त विश्व का मार्गदर्शक रहा है।आज समस्त मानवता विश्व कल्याण के लिए जिन तत्वों की खोज में भटक रही है वे सारे तत्व

हमारे भारत वर्ष के इस वेद मंत्र में स्थापित हैं ,÷ सर्वे भवन्तु सुखिन : सर्वे संतु निरामया ।सर्वे भद्राणि पश्यंतु मां कश्चित दुख भाग भवेत।।

ऐसा मंत्र जिसके माध्यम से सभी के सुख की कामना करते हुए हमने अपने राष्ट्र की जनसंख्या करोड़ो में कर ली। युद्ध में जीती गई सैकड़ों किलोमीटर भूमि वापस करदी।यहां तक कह दिया कि ÷कोई तुम्हारे दाएं गाल में तमाचा जड़ दे तो बाएं गाल को भी सामने कर दो।÷ वाह भाई वाह क्या गजब का ज्ञान और ध्यान हमारे कुछ महान देश प्रेमियों ने हमें विरासत में दिया।एक समय तो ऐसा भी आया कि काल भी चार प्रकार के हो गए।हिन्दी पढ़ाने वाले मास्टर साहब जब छात्रों से पूछते ÷ काल कितने प्रकार के होते हैं?÷ तो छात्र कहते थे ,÷चार प्रकार के पहला भूत काल, दूसरा वर्तमान काल, तीसरा भविष्य काल और चौथा आपातकाल।÷ इतनी अनुशासन। प्रियता इतनी नैतिकता इतनी ईमानदारी इस चौथे काल में देखने को मिलती थी कि लोग खुशी के मारे कुछ बोल ही नहीं पाते थे।जो इस चौथे काल के विरोधी थे वे कहते रहते थे ÷ अभिव्यक्ति की आजादी छिन गई है।तानाशाही चल रही है।हम सभी को एकता स्थापित करके इस ताना शाही का विरोध करना चाहिए तो घर के ,परिवार के लोग ही हमें डांटते हुए कहते थे ÷ दीवार से सिर टकराओगे तो तुम्हारा ही सिर फूटेगा ।चुपचाप ÷दूर दृष्टि और पक्का इरादा रखो ।अपने अच्छे कार्यों का फल चखो ।÷ तो मजबूरी में हम राष्ट्र आराधना करते हुए कहते थे ÷सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा।÷ वर्तमान में हम आत्म निर्भर भारत के आत्म निर्भर नागरिक बन चुके हैं।,सबका साथ लेकर सबका विश्वास अर्जित कर सबका विकास करने में जी जान से लगे हुए हैं ।मजाल है कोई हमारी ओर आंख उठाकर भी देखे ।अब तो जो हमारे देश पर गोली चलाएगा उस पर हमारी तोप का गोला चल जाएगा।जो दुश्मन देश हमारी सीमा पर हलचल करेगा उसकोघर में घुसकर

चटका दिया जाएगा ।देखिये अपना भारत वर्ष अपने सनातनी गौरव एवं परम वैभव के शिखर पर चढ़ने की ओर बढ़ चुका है।इसी कारण कुछ जलनखोर देश जो हमारी उन्नति और प्रगति से कुढ़ रहे हैं एक साजिश रचते हुए कभी टैरिफसंकट तो कभी वीज़ा संकट, कभी ईंधन संकट तो कभी , साइबर संकट पैदा करके अराजकता का माहौल बनाने की अप्रत्यक्ष कोशिश कर ही लेते हैं पर हम भी सच्चे और अच्छे हिन्दोस्तानी हैं।हमने भी गंगा ,यमुना नर्मदा, कृष्णा ,कावेरी, गोदावरी और

झेलम , सतलज , व्यास , ब्रह्मपुत्र, वैन गंगा, चंदन, बाघ , देव , सोन जैसी न जाने कितनी नदियों का पिया हुआ पानी है।इस विश्व की दशा और दिशा को बदलने में हमारी बहुत बड़ी भूमिका है।वर्तमान का ईरान अमेरिका युद्ध संकट हो या रूस यूक्रेन युद्ध संकट हो।बंगला देश की समस्या हो या श्री लंका की तपस्या।नेपाल की कहानी हो या हाइड्रोजन ट्रेन की निशानी।हमने अपने राष्ट्र भक्ति के सिद्धांत से कोई समझौता नहीं किया।जब तक किया आन बान और शान के साथ तिरंगा हाथों में लेकर जिया। ये अलग बात है कि हमारे इस देश में कुछ स्वार्थी भी रहते हैं जो समय काल परिस्थिति के अनुसार अपनी चाल चलते रहते हैं। शतरंज के खेल की तरह राजा को वजीर को घेरने की

कोशिश में अपने प्यादे कोअ ड़ा देते हैं। इससे कोई विशेष परिवर्तन तो सम्भव नहीं है किंतु पंडित श्रीराम शर्मा जी के द्वारा व्यक्त विचारों के अनुसार ÷ यह युग की मांग है कि भारत के प्राणवान लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत का समुचित लाभ विश्व को देने के लिए तन कर खड़े हों।इस महान प्रयोजन का हिस्सा बनने के लिए सर्व प्रथम राष्ट्र गौरव के आधारभूत तत्व से परिचित होने की आवश्यकता है÷। इसीलिए हमें सच्चे मन से राष्ट्र की आराधना करनी होगी। कड़वे वचनो के लिए प्रसिद्ध राष्ट्र संत तरुण सागर जी के इन वचनों से विराम लेनाचाहूंगा ÷ आजकल मैने मीठा बोलना बंद कर दिया है। कारण कि मैं मीठा बोलता हूं तो लोगों को लगता है कि जैसे मै उन्हें सुलाने के लोरी गा रहा हूँ आज समाज और देश, कुम्भकर्ण की भांति गहरी नींद सोया हुआ है और सोते समाज व देश को जगाने के लिए लोरी काम नहीं आती, इसके लिए तो शेर- हाथी जैसी दहाड़ और चिंघाड़ चाहिए। ट्ठकड़वा बोलना मेरी प्रकृति नहीं ड्यूटी है। अगर वैद्य, संत और सचिव मीठा बोलने लगे तो समझना सेहत समाज और देश का सत्यानाश होने वाला है। भारत माता की जय


**डॉ प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क'**
**अंतर्राष्ट्रीय कवि, व्यंग्यकार, साहित्यकार, वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र. 9424979678**


## कर्मपथ..

रुकना अब उचित नहीं है,
क्योंकि वतन के वास्ते कर्मपथ पर
चलते रहो, आगे बढ़ते रहो।

अपना काम निष्ठा से करो,
मन में कोई द्वेष न रहे,
हंसते-मुस्कुराते रहो,
एक-दूसरे का साथ निभाते रहो,
कदम-कदम बढ़ाते चलो।

रुकना नहीं, थकना नहीं,
रुकना अब संकटकारी,
थकान हुई भयंकर भारी।

रात करो या दिन करो,
अब तो तुम कर्म करो।
कर्म-प्रधान देश है अपना,
देश के लिए सर्वोच्च न्योछावर करो।

मंजिल दूर सही, हिम्मत न हारो,
अपने हिस्से का दीप जलाते रहो।
बढ़े चलो भाई बढ़े चलो।

कर्म ही धर्म है, कर्म ही आस है,
कर्मपथ पर चलते
रहना ही विश्वास है।
बढ़े चलो भाई बढ़े चलो।

लेखक




हिमांशु हाड़गे
बालाघाट


## 'प्रेम का व्यापकत्व'..


प्रेम का,
नैर्मल्य,
उसकी भावना में है।
भावनात्मक प्रेम,
सदा, पावन होता है।
सुरसरि गङ्गा की तरह।
इसमें,
दैहिक आकर्षण की नहीं,
अपितु,
हृदय से हृदय के सामीप्य की,
होती है ध्वनि-प्रतिध्वनि।
चाहे व्यक्ति,
दूर हो या पास।
भावना से होता,
सदा नैकट्य
का आभास।
यही है, प्रेम
का व्यापकत्व।
'यमुनेश्वरी' स्वीकार
करना ही होगा,
ऐसा पावन प्रेम!

रचनाकार




वल्लभ यमुनेश्वरी
नैनपुर



## शब्दवर्गपहेली क्र.- 232



ck;s ls nk;s& 1) हिमालय पर्वत की एक ऊंची चोटी 4) वेद – वेदांग पढ़ानेवाला, ब्राह्मण की एक उपाधि 8) प्राचीन कालीन एक श्रीकृष्ण भक्त अंधकवि 11) बी. आ. चोपड़ा की राज कुमार, सुनील दत्त को लेकर बनायी गयी एक पुरानी हिट फिल्म 15) सदैव, हमेशा 16) प्रेमी, पति 17) रात, यामिनी 19) अपमान और दुर्गति 20) वह पर्ची जिस पर डॉक्टरोंद्वारा दवाई लिखकर दी जाती है 22) पांच का चौथाई भाग 23) सड़क पर की गयी लुटपाट 25) उत्तर प्रदेश का वह शहर जो स्व. चरणसिंग और उनके पुत्र अजीतसिंग का निर्वाचन क्षेत्र रहा है 26) गीला 28) मन को अच्छा लगनेवाला 30) पानी,, नीर 31) कहानी,,किस्सा 33) दाता, खुले हृदय से दान करनेवाला 34) सक्षम 36) रंग या जाति 38) एक विदेशी शराब 39) पहरा देनेवाला 41) वंदन न करने योग्य 43) दुराचारी 45) दक्षिण भारत की इस फिल्म की हिन्दी की 'दयावान' यह रीमेक फिल्म थी 47) बेटी का बेटा 48) नाटक का परदा 51) श्रीकृष्ण का पालनकर्ता 53) भेड़–बकरियां चरानेवाला 55) शांत होना 57) लोकनायक से विभूषित दिवंगत नेता 62) मेहनाताना न लेते हुए सामाजिक कार्य में अपना योगदान देते हुए श्रम करना 65) जिससे जमना का पुत्र ऐसा ध्वनीत होता है ऐसा एक नाम 68) पुरानी प्रथा, परिपाटी 69) प्राण, अत्यंत प्रिय व्यक्ति 71) साहूकार 72) रजनी,, यामिनी 74) सांस 75) वाद्यों के साथ गीत गाना 77) जुलूस में दी जानेवाली घोषणा 78) नाई 79) मस्तक, माथा 80) गुजरात की राजधानी 81) लज्जा 82) स्नानघर 84) गुरु का शिष्य, चेला, अनुचर 85) दस और तीन 87) कब्र 89) मूल्य, दाम 90) प्रतिदिन 92) मध्य प्रदेश के विंध्य प्रदेश का एक जिला मुख्यालय 93) खाली 95) धोखा, छल 97) भान 100) मिलजुलकर रहनेवाला 102) वैमनस्य, आपसी खींचतान 104) बगीचा, फूलवारी 106) खाने पीने का ढंग 109) बेटा 110) वस्त्र आदि को इस प्रकार फाड़ना की उसके धागे अलग अलग हो जाये 111) अप्रसन्न 113) बुरी आदत 114) बच्चों का नाम रखने का संस्कार 115) हिन्दू धर्म के अठारह पुराणों में से एक पुराण 116) बुढ़ी स्त्रियोंद्वारा नन्हें बच्चों के अनिष्ट संबंधी प्रयुक्त शब्द जो बच्चों पर परोक्ष रुप से किसी संकट आने न देने के सिलसिले में दिया जाता है.

Åij ls uhps& 1) सम्मानित, पूज्य, आदरणीय 2) महाभारत में पितामह भीष्म के पिता का नाम 3) इतिहासकालीन एक श्रीकृष्णभक्त मुस्लिम कवि 5) हमारे एक भूतपूर्व केन्द्रीय रेलमंत्री का कुलनाम 6) चित्त की एकाग्रता, धारणा 7) मृत्यु देवता 8) सूर्य 9) चन्द्रमा 10) उदार व्यक्ति, दाता 12) वायु, वेदों में उल्लिखित एक देवता 13) श्रीकृष्ण का गोपियों के साथ किया गया नृत्य 14) जिम्मेदार 18) सहारा लेना इस अर्थवाला एक मुहावरा 21) समर्थन करने योग्य 22) उच्च जातिवाला 24) गतिविधी,, खलबली,, कंप 27) रसौत, रसदार 29) मुख की आकृति, मन का विकार, स्वभाव 32) गिरने से रोकना, पकड़ना 33) दृष्टान्त 35) मस्त हाथी के कनपटी से बहनेवाला स्त्राव 37) कामदेव का एक और नाम 40) आवा....., बुलाना, निमन्त्रण 41) यतीमखाना 42) मुस्लिम 44) थोड़ा (उर्दू) 46) डोली या पालकी ढोनेवाला 49) बेकसूर 50) एक क्रांतिकारी महिला का कुलनाम, जिन्होंने 1907 में जर्मनी में तिरंगा ध्वज लहराया था 52) ब्राह्मण 53) चुनाव 54) अनुमान लगाना इस अर्थ का एक मुहावरा 56) घमंड 57) जल गया 58) आक्रमण (उर्दू) 59) जमीन पर बिछाने की दरी 60) सन्देह 61) ब्राह्मो समाज के संस्थापक 63) महर्षी व्यासद्वारा लिखा गया एक महाकाव्य 64) ईसाई साध्वी 66) भारत में स्थायी रुप से बसी विश्व शांति के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त महान मानवतावादी समाजसुधारक महिला 67) व्यक्ति या वस्तु का बोधवाची शब्द 70) बंदर 73) पुत्री 76) एक शब्दालंकार 77) चिट्ठी (उर्दू) 78) मां के पिता 80) महाभारत में दुर्योधन की मां 81) शतरंज के खेल में बादशाह को दी गयी किश्त 82) महादेव, प्रत्येक 83) सिक्खों के दसवे गुरु गोविंदसिंगद्वारा स्थापित संप्रदाय 84) स्नानागार 86) कागज पर लिखा हुआ मिटाने का एक साधन 88) और भी बुरा 91) जामीन, प्रतिभुती,, किसी की ली हुयी जिम्मेदारी 94) दक्षिण भारत की एक बोली 95) कलाकार 96) बांटना, वितरीत करना 98) सत्य 99) कला 101) झगड़ना, युद्ध करना 103) रिश्ता 105) दक्षिण भारत का एक पर्वत 107) गीला 108) रसोई, पकाने की क्रिया 110) नक्षत्र 111) बड़ी नाली 112) जिस समय ●

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# संघ के तीर्थ ग्राम कारंजा के सुईटोला में वर्षों से सड़क बदहाल

## वार्डवासियों की मांग कम से कम सड़क चलने लायक बना दो





जगप्रेरणा लांजी।

***विकासखंड लांजी की ग्राम पंचायत कारंजा के सूईटोला में वर्षों से बदहाल सड़क से परेशान ग्रामीणों का सब्र अब जवाब देने लगा है। बरसात शुरू होते ही सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे किसानों,***

महिलाओं, बुजुर्गों, मरीजों और स्कूली विद्यार्थियों का आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है। हालात ऐसे हैं कि कई जगह पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अधीन है। सड़क की मरम्मत के लिए कई बार पंचायत और संबंधित अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन हर बार ÷फंड नहीं है÷ कहकर मामला टाल दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय विधायक से भी समस्या बताई गई, लेकिन वहां से भी ÷फिलहाल कुछ नहीं हो सकता÷ कहकर निराश कर दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि फिलहाल उनकी मांग पक्की सड़क बनाने की नहीं है, बल्कि सड़क को इतना दुरुस्त कर दिया जाए कि लोग सुरक्षित आवाजाही कर सकें। उनका आरोप है कि ग्राम पंचायत कारंजा का हिस्सा होने के बावजूद सूईटोला विकास कार्यों से पूरी तरह उपेक्षित है। यहां सड़क के साथ-साथ पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था भी नहीं है, जिससे बरसात और रात के समय परेशानी कई गुना बढ़ जाती है।

### सड़क पर जुताई कर करेंगे धान की रोपाई, रास्ता रोको आंदोलन की चेतावनी

सड़क की अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे अनोखा विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीण सड़क पर ट्रैक्टर से जुताई कर धान की रोपाई करेंगे और रास्ता रोको आंदोलन करेंगे। वहीं स्कूली विद्यार्थियों ने भी ऐलान किया है कि जब तक सड़क चलने योग्य नहीं बनाई जाती, तब तक वे स्कूल नहीं जाएंगे।

### 'हम भी इसी देश के नागरिक हैं'

ग्रामीण विनायक चैतराम सोनवाने ने कहा, ÷हमने कई बार पंचायत में आवेदन दिया, लेकिन हर बार फंड नहीं होने की बात कहकर टाल दिया गया। विधायक जी से भी चर्चा हुई, लेकिन वहां से भी कोई समाधान नहीं मिला। हम भी इसी देश के नागरिक हैं।

हमारे साथ ऐसा व्यवहार उचित नहीं है। हम आज ही पक्की सड़क की मांग नहीं कर रहे, लेकिन कम से कम सड़क को चलने लायक तो बना दीजिए। हर बरसात में यही परेशानी झेलनी पड़ती है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

ग्रामीणों ने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सूईटोला की सड़क की तत्काल मरम्मत कर उसे आवागमन योग्य बनाया जाए, ताकि बरसात के दौरान लोगों को राहत मिल सके और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित न हो।

# गेल, आरसीएफने महाराष्ट्र में गैस-आधारित यूरिया संयंत्र लगाने के लिए समझौता किया..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड और राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) ने महाराष्ट्र में एक विशेष इकाई (एसपीवी) के जरिये संयुक्त रूप से गैस-आधारित उर्वरक संयंत्र बनाने के लिए एक***

समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों कंपनियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रस्तावित संयंत्र, जिसकी यूरिया उत्पादन क्षमता 12.7 लाख टन सालाना होगी, विदर्भ क्षेत्र में गेल की मुंबई-नागपुर-झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के पास स्थित होगा।

इस समझौते के तहत, गेल और आरसीएफइस परियोजना को शुरुआती अवधारणा से लेकर उसे लागू करने तक मिलकर काम करेंगी। गेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक दीपक गुप्ता ने कहा, ''प्रस्तावित उर्वरक परियोजना प्राकृतिक गैस के इस्तेमाल से लंबे समय का मूल्य बनाने और भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लक्ष्यों में योगदान देने की कंपनी की रणनीति के अनुरूप है। हमें आरसीएफ के साथ साझेदारी करने में खुशी है, जो इस क्षेत्र में साबित विशेषज्ञता वाली एक प्रमुख उर्वरक कंपनी है। यह सहयोग प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला में गेल की ताकत और उर्वरक बनाने व परियोजना को पूरा करने में आरसीएफके समृद्ध अनुभव को एक साथ लाता है। इसके अलावा, गेल और आरसीएफके बीच यह साझेदारी 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में सरकार की हाल ही में मंजूर की गई यूरिया-2026 के लिए राष्ट्रीय निवेश नीति (एनआईपीयू-2026) के अनुरूप है।''

आरसीएफके चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस. शिवकुमार ने कहा, ''आरसीएफको महाराष्ट्र में गैस पर आधारित इस अहम उर्वरक परियोजना के विकास के लिए गेल के साथ मिलकर काम करने में खुशी है। इस प्रस्तावित परियोजना से देश में उर्वरक की बढ़ती मांग को पूरा करने, आयात पर निर्भरता कम करने और महाराष्ट्र के विदर्भ इलाके में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलने की उम्मीद है।

उर्वरक संयंत्र चलाने, परियोजना विकास और विपणन में आरसीएफके बड़े अनुभव और गेल के मजबूत गैस बुनियादी ढांचे और ऊर्जा के क्षेत्र में विशेषज्ञता का इस्तेमाल करके, यह साझेदारी एक विश्व स्तरीय उर्वरक सुविधा केंद्र बनाने की क्षमता रखती है।''

इस समझौते पर गेल के कार्यकारी निदेशक (व्यवसाय विकास और स्टार्ट-अप) संजय अग्रवाल और आरसीएफकी कार्यकारी निदेशक (परियोजना, कॉरपोरेट और सहयोग) ज्योति पाटिल ने दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए।

आरसीएफदेश की प्रमुख उर्वरक कंपनियों में से एक है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत का यूरिया उत्पादन वर्ष 2025-26 में घटकर 293.26 लाख टन रह गया, जो पिछले साल 306.67 लाख टन था। घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पिछले वित्त वर्ष में देश का यूरिया आयात 83 प्रतिशत बढ़कर 103.50 लाख टन हो गया।

# साइट्रस चेक इन्स, रॉयल ट्विंकल के निवेशक 5,000 रुपये तक के रिफंड के लिए होंगे पात्र..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***साइट्रस चेक इन्स प्राइवेट लि. और रॉयल ट्विंकल स्टार क्लब प्राइवेट लि. के निवेशक एक अगस्त से 5,000 रुपये तक रिफंड के लिए दावा कर सकेंगे। उच्चतम न्यायालय ने हाल में इस बारे में आदेश दिया था।***

न्यायालय द्वारा रिफंड प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए गठित ए पी कुरहेकर समिति ने कहा है कि सभी निवेशक, चाहे उनकी निवेश राशि कितनी भी हो, 5,000 रुपये तक के 'रिफंड' के लिए पात्र होंगे। इसमें पहले से प्राप्त कमीशन या रिफंड राशि को समायोजित किया जाएगा।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पोर्टल पर जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, यह सुविधा उन निवेशकों को भी मिलेगी जो 'रिफंड' प्रक्रिया के पहले चरण में शामिल नहीं हो पाए थे।

समिति ने बताया कि दूसरे चरण के रिफंड पोर्टल को एक अगस्त से 14 सितंबर, 2026 तक खोला जाएगा। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और निवेशकों से अपने दस्तावेज तैयार रखने तथा पोर्टल पर दावे दर्ज करने को कहा गया है।

यह समिति इस मामले में शीर्ष अदालत के आठ अगस्त 2024, 20 नवंबर, 2024 और 25 मार्च, 2025 के आदेशों के तहत गठित की गई थी। इससे पहले, केवल वे निवेशक जिन्होंने 7,500 रुपये तक का निवेश किया था, वे 5,000 रुपये तक के रिफंड के पात्र थे। लेकिन न्यायालय के 25 मई, 2026 के आदेश के बाद निवेश राशि की सीमा हटा दी गई है और अब सभी निवेशक 'रिफंड' के लिए पात्र होंगे।

उल्लेखनीय है कि सेबी ने दिसंबर, 2018 में अपने आदेश का पालन नहीं करने पर साइट्रस चेक इन्स और उसके निदेशकों पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। सेबी ने इससे पहले कंपनी को लोगों से पैसा जुटाने से रोक लगा दी थी।

सेबी को निवेशकों की कई शिकायतें मिली थीं, जिनमें आरोप लगाया गया था कि रॉयल ट्विंकल के निदेशक साइट्रस के माध्यम से अपनी सामूहिक निवेश योजना चला रहे थे।

इससे पहले अगस्त, 2015 में सेबी ने रॉयल ट्विंकल और उसके चार निदेशकों पर चार साल का प्रतिबंध लगाया था। आरोप था कि कंपनी ने कथित रूप से फर्जी 'टाइमशेयर' हॉलिडे योजनाओं के नाम पर 2,656 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए थे। सेबी ने कंपनी और उसके अधिकारियों को तीन महीने के भीतर निवेशकों को वादा किए गए रिटर्न के साथ राशि लौटाने का निर्देश दिया था।

# वैश्विक चुनौतियों से निपटने को नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत : वित्त मंत्रालय रिपोर्ट

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत को ऊंची ऊर्जा कीमतों जैसी उभरती वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी रणनीतियों को नए सिरे से तैयार करना होगा। देश को रणनीतिक बढ़त हासिल करने के साथ आर्थिक वृद्धि को बनाये रखने के लिए घरेलू सुधारों और तेज नीतिगत कदमों की जरूरत है।***

वित्त मंत्रालय की बुधवार को जारी मासिक रिपोर्ट में यह कहा गया है। इसमें कहा गया है कि खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव के कारण महंगाई, राजकोषीय घाटे और चालू खाते के घाटे पर दबाव बढ़ने का जोखिम है, जबकि आर्थिक वृद्धि पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ऐसे में विदेशी और घरेलू निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए तेज नीतिगत प्रतिक्रिया और उनका प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है।

जुलाई की मासिक आर्थिक समीक्षा में वित्त मंत्रालय ने कहा, ''कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े वैश्विक बदलाव और आपूर्ति श्रृंखलाओं के रणनीतिक इस्तेमाल की बढ़ती प्रवृत्ति इस बात का संकेत है कि भारत को दीर्घकालिक मजबूती और रणनीतिक लाभ हासिल करने के लिए अभी और प्रयास करने होंगे। हाल के वर्ष चुनौतियों से निपटने के लिए खुद को तैयार करने और सावधानी बरतने के रहे हैं। आने वाले साल भी इससे अलग नहीं होंगे।'' रिपोर्ट में कहा गया, ''हाल में वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में दोबारा आई तेजी, यदि यह लंबे समय तक बनी रहती है तो इससे राजकोषीय घाटे और चालू खाते के संतुलन के वित्त पोषण पर दबाव बढ़ सकता है।''

वित्त मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता फिर बढ़ी है और इसका असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ा है।

हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में यह वृद्धि पश्चिम एशिया संघर्ष के शुरुआती चरण में आए तेज उछाल की तुलना में काफी कम है, लेकिन वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। अमेरिका और सऊदी अरब के ईरान में लक्षित हमले किए जाने के बाद ब्रेंट क्रूड वायदा कीमत में पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी आई और यह 88.40 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गयी। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे महंगाई की चिंताएं बढ़ी हैं। मई की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमत चार साल के उच्च स्तर 126 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, जबकि युद्ध से पहले यह करीब 73 डॉलर प्रति बैरल थी।

मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है। हालांकि, अनिश्चितताएं अभी बनी हुई हैं।

रिपोर्ट कहती है, ''इसीलिए वैश्विक चुनौतियों से पार पाने और रणनीतिक बढ़त हासिल करने के लिए भारत को खुद को नए सिरे से तैयार करना होगा...। जैसे-जैसे बाहरी परिस्थितियां बदल रही हैं, घरेलू सुधारों, सूझबूझ वाला वृहद आर्थिक प्रबंधन और तेज नीतिगत कदमों के निरंतर समन्वय के साथ उनका जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन, भारत की आर्थिक दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।''


सरकार वैश्विक घटनाओं के कारण कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव के साथ संभावित अल नीनो के कारण मौसम के प्रतिरूप पर लगातार नजर रख रही है। हालांकि, घरेलू महंगाई का परिदृश्य सतर्क लेकिन संरचनात्मक रूप से मजबूत बना हुआ है। कीमतों में स्थिरता बनाए रखने के लिए सक्रिय उपाय, कृषि जिंसों की मजबूत खरीद व्यवस्था और लक्षित आकस्मिक योजनाएं महंगाई नियंत्रण को समर्थन दे रही हैं।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि मजबूत घरेलू बुनियाद, निरंतर नीतिगत समर्थन और विकास के संरचनात्मक कारकों के कारण भारत का आर्थिक परिदृश्य मजबूत बना हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में किए गए संरचनात्मक सुधारों और बुनियादी ढांचे में निवेश ने आर्थिक मजबूती को बढ़ाया है, जिसका असर मार्च से जून, 2026 के आंकड़ों में भी दिखाई देता है। इसके अलावा, भारत के बाहरी क्षेत्र ने भी मजबूती दिखाई है। बेहतर निर्यात प्रदर्शन, सेवा व्यापार में अधिशेष और लगातार बढ़ते धन प्रेषण ने चालू खाते को मजबूती दी है।

मंत्रालय ने कहा कि हाल के नीतिगत कदमों से निकट भविष्य में पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार के साथ ये कारक देश के बाहरी क्षेत्र की मजबूती को और बढ़ाएंगे।

# एकमुश्त शुल्क से अदाणी एंटरप्राइजेज को लगातार दूसरी तिमाही में घाटा, परिचालन लाभ रिकॉर्ड स्तर पर..




नई दिल्ली, (भाषा)।

***अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) को अमेरिकी ट्रेजरी से जुड़े एकमुश्त भुगतान के कारण लगातार दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है, जबकि हवाई अड्डा और***

तांबा कारोबार के दम पर कंपनी ने रिकॉर्ड परिचालन लाभ दर्ज किया। कंपनी को चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 1,160 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 885 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। यह गिरावट 2,644 करोड़ रुपये के एकमुश्त शुल्क के कारण हुई, जो अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) के निपटान से जुड़ा है।

एईएल ने बुधवार को बयान में कहा कि जून तिमाही में असाधारण मद को हटाने पर उसका कर-पूर्व लाभ करीब 12 प्रतिशत घटकर 1,295 करोड़ रुपये रहा। वहीं, परिचालन आय लगभग 50 प्रतिशत बढ़कर 33,546 करोड़ रुपये हो गई और परिचालन लाभ (ईबीआईटीडीए) 49 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 5,642 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में वैश्विक उतार-चढ़ाव के कारण ईंधन कीमतों में वृद्धि से लागत बढ़ी, जिससे उसके नतीजों पर असर पड़ा है।

आलोच्य तिमाही में कंपनी ने ईरान मूल के एलपीजी प्रसंस्करण से जुड़े मामले में 27.5 करोड़ डॉलर का भुगतान किया, जिसे तिमाही नतीजे में एकमुश्त मद के रूप में दर्ज किया गया है।

इस दौरान अदाणी एंटरप्राइजेज का कुल खर्च 54 प्रतिशत बढ़कर 32,252 करोड़ रुपये हो गया। कच्चे माल की लागत साल भर पहले के 3,393 करोड़ रुपये से कई गुना बढ़कर 14,255 करोड़ रुपये हो गई, जबकि ब्याज खर्च में 59.8 प्रतिशत और कर्मचारी व्यय में 13.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

कंपनी के तांबा कारोबार में क्षमता विस्तार के कारण बिक्री में तेज उछाल आया। हवाई अड्डा कारोबार की आय में 35 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई। वहीं कोयला व्यापार में सात प्रतिशत और नवीन ऊर्जा कारोबार में दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

बीती तिमाही में कंपनी ने अपनी सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़ाई, नया डेटा सेंटर का ऑर्डर हासिल किया और इसके नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का परिचालन शुरू हो गया।

कंपनी के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, ''अदाणी एंटरप्राइजेज ने वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत बेहद मजबूत प्रदर्शन के साथ की है। कंपनी ने 5,642 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक तिमाही ईबीआईटीडीए दर्ज किया है, जो उसके बुनियादी ढांचा और नए विकसित हो रहे कारोबार क्षेत्रों के विस्तार और परिपक्वता का नतीजा है।''

अदाणी ने कहा, ''भारत की अवसंरचना जरूरतें बढ़ने के साथ हम वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कारोबार खड़े करने पर ध्यान बनाए रखे हुए हैं, जो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएं और हमारे सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य पैदा करें।''

इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि जुलाई में 15,000 करोड़ रुपये का पूंजी जुटाने का काम भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। इस पूंजी को पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये जुटाया गया।

# अधिक कीटनाशक अवशेष मिलने पर सन ऑर्गेनिक इंडस्ट्रीज को किशमिश उत्पाद वापस मंगाने का निर्देश

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सन ऑर्गेनिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. की 'वंडरलैंड रेजिन्स (किशमिश)' को बाजार से वापस मंगाने का आदेश जारी किया है। प्रयोगशाला जांच के दौरान कीटनाशक अवशेष निर्धारित सुरक्षा सीमा से अधिक पाए जाने के बाद यह आदेश दिया गया है।***

एफएसएसएआई ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि उसने सन ऑर्गेनिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. की 'वंडरलैंड किशमिश' को बाजार से अनिवार्य रूप से वापस मंगाने का आदेश जारी किया है। प्रयोगशाला जांच में इस उत्पाद में कीटनाशक अवशेष खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत निर्धारित कानूनी सुरक्षा सीमा से अधिक पाए गए।

प्राधिकरण ने कहा कि इसके आधार पर इस उत्पाद को उपभोग के लिए असुरक्षित पाया गया है।

नियामक ने बताया कि एफएसएसएआई के उत्तरी क्षेत्र कार्यालय के केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा लिए गए 'वंडरलैंड रेजिन्स' के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक (खाद्य उत्पाद मानक एवं खाद्य योजक) विनियमन, 2011 के निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए।

राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, गाजियाबाद और 'रेफरल लैबोरेटरी', निफ्टेम-कुंडली (राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान) दोनों ने जांच में पाया कि उत्पाद में कीटनाशक अवशेष निर्धारित अधिकतम सीमा से अधिक हैं। इसके आधार पर एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 3(1) (जेड जेड)(×द्बद्ब) के तहत इस उत्पाद को असुरक्षित घोषित किया। पिछले कुछ महीनों में एफएसएसएआई भ्रामक दावों और गलत लेबलिंग को लेकर कई एनर्जी ड्रिंक और मादक पेय कंपनियों के खिलाफ भी कार्रवाई कर चुका है। इसके अलावा कई ई-कॉमर्स मंचों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। खाद्य नियामक के अनुसार, ये कार्रवाई उपभोक्ताओं की शिकायतों, स्वतः संज्ञान और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा नियमित प्रवर्तन अभियान के आधार पर की गई है।

एफएसएसएआई अब खाद्य कारोबारियों और ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ की गई ऐसी प्रवर्तन कार्रवाइयों की जानकारी इंस्टाग्राम सहित विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से भी सार्वजनिक कर रहा है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### संदीपनी विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का भव्य समापन..

# 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 106 विद्यार्थियों को हुआ बैग का वितरण..








जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के शिक्षा के क्षेत्र: मे सर्वदा अग्रणी संस्था महर्षि सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोलेगांव में 15 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक संचालित गुरु पूर्णिमा*** पखवाड़ा का भव्य समापन समारोह बुधवार को उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे , संस्था प्राचार्य बी.आर. गुरदे एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित नाटक, समूह नृत्य, संगोष्ठी तथा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडल, चार्ट, पोस्टर, आर्ट एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का विधायक सहित सभी अतिथियों ने सूक्ष्मता से अवलोकन किया और विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं रचनात्मकता की मुक्त कंठ से सराहना की। अतिथियों ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में विधायक राजकुमार कर्राहे ने कक्षा 10वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 84 विद्यार्थियों तथा कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 22 विद्यार्थियों को बैग, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शक पुस्तिका भी वितरित की गई, जो उनके भविष्य के लक्ष्य निर्धारण में उपयोगी सिद्ध होगी।

विद्यालय द्वारा भी कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों तथा गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को संस्था प्राचार्य द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि जिस उद्देश्य से शासन ने सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना की थी, बोलेगांव स्थित यह विद्यालय उन सभी मानकों पर पूरी तरह खरा उतर रहा है। विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रहा है। संस्था प्राचार्य बी.आर. गुरदे ने कहा कि 15 दिवसीय गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, गुरु-शिष्य परंपरा, नैतिक मूल्यों एवं मानवीय गुणों से जोड़ने का सफल प्रयास रहा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने नियमित अध्ययन के साथ प्रतिदिन विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने विविध कौशल का विकास किया, जो उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार कर्राहे के साथ पूर्व जनपद सदस्य अशोक बापूरे, जनपद सदस्य रेवाजी करहाटकरे, श्यामलाल बेदरे, सरपंच चित्ररेखा अस्तने भीमोडी, सेवानिवृत्त अभियंता बी.आर. बापूरे, उपसरपंच चित्ररेखा कालबेले, विधायक प्रतिनिधि गौरव बैस, सेवानिवृत्त शिक्षक एफएल. रिनायत, द्वारका बापूरे, बिंदु पांडे, पुरुषोत्तम अस्तने सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षक सरोज कुमार पटेल एवं रविप्रकाश सहारे ने किया, जबकि अंत में शिक्षक गोपाल कृष्ण तुरकर ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पॉली एकेडमी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव..




जगप्रेरणा लांजी।

***पाली एकेडमी इंस्टीट्यूशन, बिसोनी में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों के प्रवेश उत्सव का गरिमामय आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापिका श्रीमती वंदना वैद्य एवं प्राचार्य बी. जे. लिल्हारे द्वारा मां सरस्वती एवं गुरु सांदीपनि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशिक्षणार्थियों ने बी.एड. एवं डी.एल.एड. के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। प्रोफेसर सी. एस. मेश्राम ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता बताई तथा महाविद्यालय के पाठ्यक्रम, अनुशासन, प्रशिक्षण एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए, वहीं नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने मंच पर अपना परिचय दिया। प्रोफेसर खेमेंद्र उमरे ने मनोविज्ञान, दर्शन, योगासन एवं प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने गुरु-शिष्य संबंधों की गरिमा तथा एक श्रेष्ठ शिक्षक बनने के आवश्यक गुणों पर भी प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए।

प्राचार्य बी. जे. लिल्हारे ने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए महाविद्यालय के अनुशासन, शैक्षणिक गतिविधियों एवं प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक नियमों की जानकारी दी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रशिक्षण के दौरान आने वाली प्रत्येक चुनौती में महाविद्यालय परिवार विद्यार्थियों के साथ सदैव खड़ा रहेगा।

संस्थापिका श्रीमती वंदना वैद्य ने अपने उद्बोधन में बी.एड. एवं डी.एल.एड. प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास, व्यक्तित्व निर्माण एवं उत्कृष्ट चरित्र निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को समर्पित भाव से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर बी. सी. पटेल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. के. के. उमरे, गौरव भंडारकर, कृष्णी मैडम, उमेंद्र नागभिड़े, अजीत बोरकर, राजेश गजभिए, संजय मेश्राम, संतोष बोरकर, जी. के. सोनवाने सहित समस्त महाविद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

## कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई, सीएलसी राउंड का आखिरी मौका..



जगप्रेरणा किरनापुर।

मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2026-27 में स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए सीएलसी राउंड का अंतिम चरण चल रहा है।

शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि जिन छात्रों ने अभी तक महाविद्यालयों में प्रवेश नहीं लिया है, वे अंतिम तिथि से पूर्व ई-प्रवेश पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर लें। 31 जुलाई के बाद प्रवेश नहीं मिलेंगे। इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय किरनापुर की प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में समस्त विषयों में प्रवेश की अंतिम तिथि भी 31 जुलाई है। सभी छात्राएं समय रहते प्रवेश लेकर अपना भविष्य सुरक्षित करें।


## कार्यालय जनपद पंचायत लांजी, जिला-बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक/1201/ज.पं. / सामू. वि. / 2026 — लांजी, दिनांक: 21/07/2026

**।। ई निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

जनपद पंचायत लांजी में 15 अगस्त 2026 स्वंतंत्रता दिवस एंव 26 जनवरी 2027 गणतंत्र दिवस एंव कन्या विवाह एंव निकाह योजना अन्य होने वाले शासन के कार्यक्रमो एंव शिवीर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिये निम्नांकित सामग्री क्रय करने एंव सेवाये प्रदाय करने के लिये आनलाईन लगने वाली सामग्री की दरे निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा अनुसार प्राप्त दर का निर्धारण म.प्र. पंचायत राज एंव ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 95 की उपधारा ( 3 ) अन्तर्गत बने म.प्र. पंचायत ( सामग्री एंव माल क्रय) नियम 1999 तथा म. प्र. लेखा नियम 2018 के नियम शर्तों के तहत किया जावेगा। जनपद पंचायत लांजी के तहत पात्रता योग्य संविदाकार / कार्य संपादन आपूर्तीकर्ता / पंजीकृत ठेकेदार / सप्लायर्स प्रमाणित दस्तावेज सहित mptenders.gov.in पोर्टल पर आनलाईन निविदाये दिनांक 31.07.2026 प्रातः 10:30 बजे से 06. 08.2026 को सायः 5:30 बजे तक समस्त जानकारी आनलाईन प्रस्तुत कर सकते है। निविदाये दिनांक 07.08.2026 को 12:00 बजे खोली जावेगी। कार्य एंव सामग्री का विवरण तालिका में एंव आनलाईन पोर्टल (www.mptenders.gov.in) पर उल्लेखित मापदण्डो के अनुसार होगा। सामग्री का विवरण निम्नानुसार है।

सामग्री का विवरण

| क्र. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदाकार की श्रेणी | कार्य अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | टेन्ट | प्रति वर्ग फीट | | 4000 | 2000 | निर्माता / अधिकृत विक्रेता / सेवा प्रदाता | 1 वर्ष |
| 2 | स्टेज | प्रति वर्ग फीट | | | | | |
| 3 | सोफा महाराज | प्रति नग | | | | | |
| 4 | कारपेट 5 × 30 | प्रति नग | | | | | |
| 5 | स्टील सोफॉ थ्री सीटर | प्रति नग | | | | | |
| 6 | कुर्सी (फाईबर) | प्रति नग | | | | | |
| 7 | कुर्सी (वी.आई.पी) | प्रति नग | | | | | |
| 8 | कुर्सी कवर | प्रति नग | | | | | |
| 9 | सेंटर टेबल कवर सहित | प्रति नग | | | | | |
| 10 | सिंलीग पाईप कवर सहित | प्रति वर्ग फीट | | | | | |
| 11 | परदे 10 × 15 | प्रति नग | | | | | |
| 12 | जनरेटर 62 किलोवाट (आवाज रहित विथ डीजल | प्रति नग | | | | | |
| 13 | मेटिग हरी 15 × 30 | प्रति नग | | | | | |
| 14 | साउंड सिस्टम ( 3 माईक कार्डलेस एवं स्टेण्ड व पोडियम सहित) | प्रति नग | | | | | |
| 15 | स्टेण्ड फैन | प्रति नग | | | | | |
| 16 | कुलर | प्रति नग | | | | | |
| 17 | एल. ई. डी. 200 वाट | प्रति नग | | | | | |
| 18 | एल. ई. डी. ब्लव | प्रति नग | | | | | |
| 19 | हेलोजन लाईट 1000 वाट | प्रति नग | | | | | |
| 20 | सर्विस लाईन | प्रति मीटर | | | | | |
| 21 | गददे | प्रति नग | | | | | |
| 22 | चादर | प्रति नग | | | | | |
| 23 | ड्रस पण्डाल | प्रति वर्ग फीट | | | | | |
| 24 | गेट बाक्स | प्रति नग | | | | | |
| 25 | डोम पण्डाल | प्रति वर्ग फीट | | | | | |
| 26 | बफे टेबल स्टाल | प्रति नग | | | | | |
| 27 | प्लेट फाईबर | प्रति नग | | | | | |

15 अगस्त 2026 स्वंतंत्रता दिवस एंव 26 जनवरी 2027 गणतंत्र दिवस एंव कन्या विवाह एंव निकाह योजना , अन्य होने वाले शासन के कार्यक्रमो एंव शिवीर में लगने वाले टण्ट सामग्री हेतु mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित निविदा की नियम एंव शर्ते आनलाईन पोर्टल (www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है।

(कमल चन्द्र सिंहसार)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत लांजी।


# वर्तमान परिस्थिति में विद्यार्थियों को संस्कारी होना चाहिए शासकीय उमावि बहेला में मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव..






जगप्रेरणा लांजी।

***शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहेला में 29 जुलाई को गुरू पूर्णिमा पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया गया, जिसमें शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों, ग्राम बहेला*** के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात कक्षा 12 वीं के छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। उपस्थित अतिथियों का प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रेखा लिल्हारे एवं शिक्षकों द्वारा सम्मान किया गया। एस एम सी सदस्य एवं जनपद पंचायत सदस्य पवन भोयर द्वारा गुरू पूर्णिमा पर्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उद्बोधन के इसी क्रम में संस्था के शिक्षक डालीराम उपराड़े, धनेन्द्र कुमार मरकाम, शोभेलाल बनोठे एवं अन्य शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि केवल परीक्षा में पास होने से ही व्यक्ति पूर्ण नहीं हो सकता बल्कि उसे संस्कारी होना भी चाहिए, इसके लिए उन्हें गुरु की आवश्यकता होती है।इसी क्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा भी गुरु शिष्य परंपरा पर प्रकाश डाला गया।अंत में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रेखा लिल्हारे द्वारा उपस्थित सभी अतिथि, छात्रों का आभार व्यक्त किया गया एवं छात्रों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुखदेव रहांगडाले द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षक, अतिथि शिक्षकों, वोकेशनल शिक्षकों की उपस्थिति रही।


**व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।



## कार्यालय जनपद पंचायत लांजी, जिला - बालाघाट (म. प्र.)

क्रमांक/1200/ज.पं./ सामू.वि./ 2026 — लांजी, दिनांक: 21/07/2026

**।। ई निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

जनपद पंचायत लांजी 15 अगस्त 2026 स्वंतत्रता दिवस एंव 26 जनवरी 2027 गणतंत्र दिवस एंव कन्या विवाह एंव निकाह योजना अन्य होने वाले शासन के कार्यक्रमो एंव शिवीर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिये निम्नांकित सामग्री क्रय करने एंव सेवाये प्रदाय करने के लिये आनलाईन लगने वाली सामग्री की दरे निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा अनुसार प्राप्त दर का निर्धारण म.प्र. पंचायत राज एंव ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 95 की उपधारा ( 3 ) अन्तर्गत बने म.प्र. पंचायत (सामग्री एंव माल क्रय ) नियम 1999 तथा म. प्र. लेखा नियम 2018 के नियम शर्तों के तहत किया जावेगा। जनपद पंचायत लांजी के तहत पात्रता योग्य संविदाकार / कार्य संपादन आपूर्तीकर्ता / पंजीकृत ठेकेदार / सप्लायर्स प्रमाणित दस्तावेज सहित mptenders.gov.in पोर्टल पर आनलाईन निविदाये दिनांक 31.07.2026 प्रातः 10:30 बजे से 06.08.2026 को सायः 5:30 बजे तक समस्त जानकारी आनलाईन प्रस्तुत कर सकते है । निविदाये दिनांक 07.08.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे खोली जावेगी कार्य एंव सामग्री का विवरण तालिका में एंव आनलाईन पोर्टल ( www.mptenders.gov.in) पर उल्लेखित मापदण्डो के अनुसार होगा। सामग्री का विवरण निम्नानुसार है ।

सामग्री का विवरण

| क्र | सामग्री का वितरण | दर | धरोधर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | भोजन थाली (पूडी, चावल, दाल, सीजनल सब्जी, पापड, सलाद, हरी मिर्च तली हुई, मही की कडी, मीठा) भरपेट भोजन | प्रति थाली | 40000.00 | 2000.00 | निर्माता/ अधिकृत विक्रेता/ सेवा प्रदाता | 1 वर्ष |

15 अगस्त 2026 स्वंतत्रता दिवस एंव 26 जनवरी 2027 गणतंत्र दिवस एंव कन्या विवाह एंव निकाह योजना, अन्य होने वाले शासन के कार्यक्रमो एंव शिवीर में लगने वाले भोजन व्यवस्था हेतु mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित निविदा की नियम एंव शर्ते आनलाईन पोर्टल ( www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है।

(कमल चन्द्र सिंहसार)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत लांजी।

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
**हेमंत नायक**
मो. 88273 19933



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मंडला में राष्ट्रवादी चालक सेवा संगठन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन..




### ड्राइवरों की सुरक्षा, बीमा और प्रशिक्षण केंद्र सहित पांच प्रमुख मांगों को लेकर सैकड़ों चालक पहुंचे कलेक्ट्रेट

हेमंत नायक, जगप्रेरणा मंडला।

***राष्ट्रवादी चालक सेवा संगठन के बैनर तले गुरुवार को जिले भर के सैकड़ों ड्राइवर कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीचंद यादव के***

नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में ड्राइवरों की सुरक्षा, दुर्घटना सहायता, बीमा और रोजगारपरक प्रशिक्षण जैसी मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में बताया गया कि कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वाले ड्राइवरों को दुर्घटनाओं, प्रशासनिक प्रक्रियाओं और अन्य व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। संगठन ने मांग की कि जिला स्तर पर शिकायत निवारण केंद्र स्थापित किया जाए, दुर्घटना की स्थिति में तात्कालिक आर्थिक सहायता दी जाए, युवाओं के लिए ड्राइविंग प्रशिक्षण एवं कौशल विकास केंद्र खोले जाएं, प्रत्येक ड्राइवर का दुर्घटना बीमा सुनिश्चित किया जाए तथा प्रशासन और चालक संगठनों की संयुक्त समन्वय समिति गठित की जाए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संतोष यादव, जिला अध्यक्ष श्रीचंद यादव, सोहन गायगवाल, अंकुर राजपूत, जीतू चंद्रवंशी, यूसुफखान, प्रदेश उपाध्यक्ष माखन ठाकुर, केवल पटेल, मनीष कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में चालक उपस्थित रहे।

# श्री सिद्धेश्वर धाम सुरंगदेवरी में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाई गई गुरु पूर्णिमा..



### गुरु दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, शिष्यों ने लिया आशीर्वाद, कन्या पूजन व भंडारे का हुआ आयोजन

जगप्रेरणा मंडला।

***गुरु और शिष्य के अटूट संबंध को समर्पित पावन पर्व गुरु पूर्णिमा जिलेभर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न आश्रमों, मंदिरों और धार्मिक स्थलों में विशेष पूजा-अर्चना, गुरु वंदना और भंडारे के***

कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं और शिष्यों ने अपने गुरुजनों के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी क्रम में श्री सिद्धेश्वर धाम सुरंगदेवरी में गुरु पूर्णिमा का पर्व अत्यंत भव्य और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु और शिष्य गुरु दरबार में पहुंचने लगे। शिष्यों ने अपने आराध्य गुरु पंडित ललित नारायण मिश्रा एवं गुरु माता का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर गुरु वंदना की। गुरु महिमा के जयघोषों से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। पूजन के उपरांत गुरु एवं गुरु माता की भव्य आरती की गई।

शिष्यों ने चरण स्पर्श कर जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सद्मार्ग पर चलने का आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु दरबार में उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए गुरु को जीवन का पथप्रदर्शक बताया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर धाम में कन्या पूजन का विशेष आयोजन भी किया गया। भारतीय संस्कृति में कन्याओं को देवी स्वरूप मानते हुए उनका पूजन किया गया तथा ससम्मान कन्या भोज कराया गया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जिले के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों, आश्रमों और नर्मदा तटों पर भी दिनभर पूजा-अर्चना, गुरु वंदना और धार्मिक कार्यक्रमों का दौर चलता रहा। श्रद्धालुओं ने नर्मदा स्नान कर धर्म लाभ अर्जित किया और अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु पूर्णिमा का यह आयोजन श्रद्धा, सेवा, समर्पण और भारतीय सनातन संस्कृति की महान गुरु-शिष्य परंपरा का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।

# विश्व बाघ दिवस पर कान्हा टाइगर रिजर्व में जागरूकता कार्यक्रमों की रही धूम..



### बाघ संरक्षण पखवाड़े में 20 हजार से अधिक लोगों तक पहुंचा वन संरक्षण का संदेश



**जगप्रेरणा मंडला।**

विश्व बाघ दिवस के अवसर पर कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला द्वारा 14 जुलाई से 29 जुलाई तक विशेष बाघ संरक्षण पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, चरवाहों एवं ग्राम समितियों के सदस्यों सहित समाज के विभिन्न वर्गों को बाघ एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। पखवाड़े के तहत बाघ संवाद, बघवा संगत, जागरूकता रैली, बच्चों की पाती बाघ के नाम, चरवाहा सम्मेलन तथा कान्हा मित्र दल सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से लोगों को बाघ संरक्षण में उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। क्षेत्र संचालक रविन्द्र मणि त्रिपाठी ने मंडला एवं बालाघाट जिले के स्कूलों के प्राचार्यों और प्रधान पाठकों के माध्यम से विद्यार्थियों से संवाद कर वन्यजीव संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं महिष्मति घाट स्थित मां नर्मदा तट पर ÷बाघ रहे ताकि नर्मदा बहे÷ थीम पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व बाघ दिवस पर कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संरक्षण संबंधी शपथ भी दिलाई गई। क्षेत्र संचालक के मार्गदर्शन तथा कोर एवं बफर उप संचालकों के निर्देशन में कान्हा के सभी 13 परिक्षेत्रों में कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुए। इन गतिविधियों के माध्यम से 20 हजार से अधिक लोगों तक वन संरक्षण का संदेश पहुंचाया गया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कान्हा टाइगर रिजर्व के प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर कान्हा की घास प्रजातियों पर आधारित चित्रयुक्त पुस्तक का विमोचन किया गया। साथ ही वन रक्षक चंद यादव एवं प्रदीप कुमार भारतिया को उत्कृष्ट वन्यजीव संरक्षण कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं नई दिल्ली में एनटीसीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में मनोज मिश्रा को पर्यटन प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान प्राप्त हुआ।

# शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के परिश्रम से जिले को मिली पहचान : मंत्री संपतिया उइके

### गुरुपूर्णिमा पर 61 विद्यालयों के प्राचार्यों का सम्मान, कलेक्टर बोले- हर स्कूल का लक्ष्य हो स्टेट मेरिट







जगप्रेरणा मंडला।

***गुरुपूर्णिमा पखवाड़े के समापन अवसर पर जिला योजना भवन में आयोजित समारोह में माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा-2026 में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यालयों के***

प्राचार्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके रहीं। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ तथा अतिथियों का पठन सामग्री भेंट कर स्वागत किया गया। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि जिले के शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के परिश्रम ने मंडला को प्रदेशभर में नई पहचान दिलाई है। सीमित संसाधनों के बावजूद उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम जिले की बड़ी उपलब्धि हैं। उन्होंने सभी विद्यालयों से बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के साथ प्रदेश की मेरिट सूची में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को स्थान दिलाने का लक्ष्य तय करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रोजेक्ट संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बनी है और विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा दे रही है।

कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में प्रतिभा होती है, आवश्यकता केवल उसे सही मार्गदर्शन और अवसर देने की है। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हर विद्यालय का लक्ष्य स्टेट मेरिट होना चाहिए और विद्यार्थियों को उसी अनुरूप तैयार किया जाना चाहिए।

### नियमित अभ्यास और अनुशासन से मिली सफलता

सम्मानित प्राचार्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का लगातार अभ्यास, सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का माहौल और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन से शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि आगामी सत्र में भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाने के लिए विशेष तैयारी कराई जाएगी। समारोह में जिले के 41 शासकीय हाईस्कूल और 20 शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों को शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए ट्रॉफी एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा प्रभारियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जनपद अध्यक्ष सोनू भलावी, सामाजिक कार्यकर्ता जयदत्त झा, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, सहायक आयुक्त अरुण शुक्ला सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# श्री गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व



### अखंड पाठ, भजन-कीर्तन, अरदास और लंगर प्रसादी में उमड़ी संगत, गुरु महिमा का हुआ गुणगान..



जगप्रेरणा मंडला।

***गुरु और शिष्य की पवित्र परंपरा को समर्पित गुरु पूर्णिमा का पर्व स्थानीय अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में सिंधी समाज द्वारा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के दौरान गुरुद्वारा साहिब पूरी तरह से आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर रहा। गुरु महिमा के जयघोष, भजन-कीर्तन और अरदास से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।***

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के तहत मंगलवार को श्री जपजी साहिब के अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ पाठ में सहभागिता करते हुए गुरु चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। बुधवार को गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर अखंड पाठ का विधिवत भोग लगाया गया। इसके पश्चात धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ हुई, जिसमें भजन-कीर्तन, आरती, पूजा, पल्लव अरदास एवं अमृतवाणी का आयोजन किया गया।

धार्मिक कार्यक्रमों में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष नतमस्तक होकर माथा टेका तथा चोला चढ़ाकर गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। संगत ने गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए मानव जीवन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि गुरु ही वह शक्ति हैं, जो मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान और सत्य के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु के प्रति सम्मान, समर्पण और कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठानों का लाभ प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से अरदास कर समाज में सुख, शांति, समृद्धि और मानव कल्याण की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान सेवा और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। गुरुद्वारा परिसर में स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभालते हुए संगत की सेवा की। आयोजन के समापन पर लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया। इसमें सभी श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर प्रेम और भाईचारे के वातावरण में प्रसाद ग्रहण किया। लंगर में सेवा करने वाले सेवादारों ने पूरे समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। श्रद्धालुओं ने इसे गुरु परंपरा की महान सेवा भावना का प्रतीक बताया। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत, श्री गुरुद्वारा सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए समाज में प्रेम, एकता, सेवा और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। गुरु पूर्णिमा का यह भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा, आस्था और गुरु कृपा का संदेश देकर संपन्न हुआ तथा पूरे वातावरण को भक्तिमय बना गया।



# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर नशामुक्ति का दिया संदेश, दिलाई गई शपथ..

**जगप्रेरणा मंडला।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जनभागीदारी आधारित कार्यक्रमों के अंतर्गत चयनित नवांकुर संस्था प्रवाहिनी समिति के नेतृत्व में स्वैच्छिकता पर्व के तहत ग्राम पंचायत बकछेरादोना में पौधारोपण एवं नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश देना था। कार्यक्रम की शुरुआत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण से की गई। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। अभियान के माध्यम से मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक संतोष कुमार झारिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है। लगातार बढ़ते प्रदूषण, जंगलों की कटाई, जलवायु परिवर्तन के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए। प्रवाहिनी समिति की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा ज्योतिषी ने नशामुक्ति अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए विनाशकारी है। नशे की लत युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रही है और अनेक परिवारों के टूटने का कारण बन रही है। समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने के लिए सभी को नशे के खिलाफएकजुट होकर कार्य करना होगा। वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती अनीता तिवारी ने ग्रामीणों, युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से खेल, शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मनोनीत पार्षद श्रीमती ममता साहू, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री कुंजी लाल मरावी, शाला परिवार के शिक्षकगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# सुरंगदेवरी में नशामुक्ति संगोष्ठी, 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत किया पौधारोपण







**जगप्रेरणा मंडला।**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था सृजन समाज विकास समिति एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत मानादेई के पोषक ग्राम सुरंगदेवरी में 'नशा से दूरी है जरूरी 2.0'अभियान के तहत नशामुक्ति संगोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम'अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में एएसआई मन्नूलाल पन्द्रे ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य मादक पदार्थों के सेवन एवं दुरुपयोग के प्रति लोगों को जागरूक करना, विशेषकर युवाओं को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि समाज की भागीदारी से ही नशामुक्त वातावरण का निर्माण संभव है। विकासखंड समन्वयक संतोष कुमार झारिया ने कहा कि नशा सामाजिक और पारिवारिक जीवन के लिए अभिशाप है। इससे दूर रहकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है। संगोष्ठी में अन्य वक्ताओं ने भी नशामुक्ति के महत्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्ति की शपथ ली तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर शिक्षक सुनील कुमार नामदेव, बृजेश डोंगसरे, मुकेश बैरागी, अमर सोनी, सोम प्रकाश पाठक, विप्लव पटेल, ग्राम सचिव किशन बरमैया, पंच इन्द्र कुमार सैयाम, महिला आरक्षक आरती जंघेला, कार्यक्रम समन्वयक जितेन्द्र लारेश्वर, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मानादेई के अध्यक्ष दीपक कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# जनसेवा सप्ताह के अंतिम दिन सालेकसा में 'अल्पसंख्यक सेवा संकल्प एवं संवाद' कार्यक्रम संपन्न

जगप्रेरणा प्रा राकेश रोकडे
सालेकसा।





***राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा महाराष्ट्र के लोकप्रिय नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय अजित दादा पवार की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'जनसेवा सप्ताह' के***

सातवें एवं अंतिम दिन मंगलवार, 28 जुलाई 2026 को शाम 5 बजे सालेकसा के आमगांव खुर्द स्थित श्री विठ्ठल मंदिर सभागार (ग्रीन वैली) में 'अल्पसंख्यक सेवा संकल्प एवं संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सांसद प्रफुलभाई पटेल तथा सांसद राजेंद्र जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राज्य महासचिव (ओबीसी आघाड़ी) प्रभाकर दोनोडे, तालुका अध्यक्ष डॉ. अजय उमाटे एवं जिला महासचिव डॉ. हिरालाल साठवने ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय अजित दादा पवार के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर किया गया। मुस्लिम समाज के अध्यक्ष जमीर अली सैय्यद, जैन समाज के प्रतिनिधि एवं नगरसेवक राजेश जैन, सिख समाज के प्रतिनिधि एवं भाजपा के तालुका महामंत्री विक्की भाटिया तथा डॉ. हिरालाल साठवने ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

संवाद कार्यक्रम में स्वर्गीय अजित दादा पवार द्वारा अल्पसंख्यक समाज के हित में किए गए कार्यों, उनकी नीतियों तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि गोंदिया जिले में अल्पसंख्यक समाज के हितों की रक्षा एवं उनके विकास के लिए सांसद प्रफुलभाई पटेल और सांसद राजेंद्र जैन निरंतर सक्रिय रहकर जनहित के अनेक कार्य कर रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि सालेकसा तालुका में सामाजिक सौहार्द, भाईचारा एवं शांति बनाए रखने में अल्पसंख्यक समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाज प्रतिनिधियों का स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के अध्यक्ष जमीर अली सैय्यद, राजेश जैन, विक्की भाटिया, अमीर अली सैय्यद, अहमद खान पठान, उमद अली सैय्यद, युसुफ अंसारी, अकिल सैय्यद, मुश्ताक अंसारी, सलीम शेख, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक आघाड़ी के तालुका अध्यक्ष नासिर अली सैय्यद, पत्रकार हेमंत शर्मा, राजा कुरैशी, विठ्ठल मंदिर के गुलाबभाऊ मदनकर, वरिष्ठ नेता योगराज पटले, डॉ. जियालाल बघेले, बबलू मानकर, ग्राम पंचायत सदस्य जितेंद्र बडोले, महिला आघाड़ी की ममताताई बघेले, दिलीप ढेकवार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष ब्रजभूषण बैस, युवक आघाड़ी के राहुल साठवने एवं ऋषि बैस सहित सभी कार्यकर्ताओं ने विशेष योगदान दिया।

# मुख्य मार्ग आमगांव एवं गोंदिया रोड सहित विभिन्न कॉलोनियों की बंद स्ट्रीट लाइटें शीघ्र प्रारंभ करे..

## भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने तहसीलदार मोनिका कांबळे को निवेदन देकर की मांग..

जगप्रेरणा गणेश भदाडे
आमगांव।



***आमगांव रेलवे स्टेशन से छत्रपति शिवाजी महाराज चौक तक के मुख्य मार्ग तथा गोंदिया रोड पर स्थापित अधिकांश स्ट्रीट लाइटें पिछले कई दिनों से बंद पड़ी हैं। इसके कारण प्रतिदिन इस मार्ग से आवागमन करने वाले***

हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को रात्रि के समय अत्यधिक कठिनाइयों एवं असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मुख्य मार्ग से जुड़े शुभम नगर, नितिन नगर, नारायण नगर, द्वारका धाम, सिद्धार्थ नगर, रेणुका नगर, गणेश नगर, इंद्रप्रस्थ नगर, फ्रेंड्स कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनियों के आंतरिक मार्गों पर लगे विद्युत पोलों के बल्ब भी लंबे समय से खराब पड़े हैं। परिणामस्वरूप संपूर्ण क्षेत्र में रात्रि के समय घना अंधकार व्याप्त रहता है, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। वर्तमान में वर्षा ऋतु के चलते जहरीले कीड़े-मकोड़ों, सांप एवं बिच्छुओं का खतरा भी बढ़ गया है। अंधेरे के कारण कई नागरिक इन जहरीले जीवों के शिकार हो चुके हैं। समय पर प्राथमिक उपचार मिलने से उनकी जान बच सकी, किंतु भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

इसके अतिरिक्त मुख्य मार्ग एवं गोंदिया रोड पर अंधेरा रहने के कारण असामाजिक तत्वों एवं अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। हाल ही में बाजार परिसर की पाँच दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटना ने नागरिकों में भय एवं असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न कर दिया है।अतःजनहित एवं नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आमगांव रेलवे स्टेशन से छत्रपति शिवाजी महाराज चौक तक के मुख्य मार्ग, गोंदिया रोड तथा उनसे संबंधित सभी कॉलोनियों की बंद स्ट्रीट लाइटों एवं खराब विद्युत पोलों के बल्बों की तत्काल मरम्मत कराकर उन्हें यथाशीघ्र प्रारंभ कराने की कृपा करें, ताकि नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके तथा भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके जनहित के इस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करेने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने आज परीविक्षाधिन उपविभागीय अधिकारी सौरभ रंगाटे एवं तहसीलदार मोनिका कांबळे को निवेदन सौपा इस अवसर पर नरेंद्र जी वाजपेयी, मनोज सोमवंशी, संदीप थानथराटे, रोहित गुप्ता, संस्कार असाटी , विक्की मानकर, अमन असाटी, श्रेयस भुजाडे अरविंद बागड़े, शिवम अग्रवाल, वैभव असाटी विश्वास चौहान, सागर चुटे सौरभ गुप्ता, संतोष मानकर उपस्थित थे।

# देवरी के ग्रामीण अस्पताल में 40 लाख की 'सी-आर्म' मशीन खा रही धूल..

## 16 सालों से स्वास्थ्य विभाग और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी..

## नियमित अस्थि रोग विशेषज्ञ के अभाव में मरीजों की फजीहत, निजी अस्पतालों में इलाज के लिए मरीजों को झेलना पड़ रहा आर्थिक बोझ..





जगप्रेरणा देवरी।

***यहाँ के ग्रामीण अस्पताल की भव्य इमारत केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। स्वास्थ्य विभाग और जनप्रतिनिधियों की घोर लापरवाही के कारण करोड़ों की सुविधाएँ धूल में मिल रही हैं।***

हड्डियों के जटिल ऑपरेशनों के लिए अत्यंत उपयोगी मानी जाने वाली लगभग 40 लाख रुपये कीमत की अत्याधुनिक 'सी-आर्म' **(C-Arm)** मशीन पिछले 16 वर्षों से धूल खा रही है। समय पर रखरखाव न होने और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध न होने के कारण यह अत्याधुनिक उपकरण अब खराब होने की कगार पर है। देवरी मुख्य रूप से आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्र है, जहाँ के गरीब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें, इसके लिए सरकार द्वारा सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। लेकिन ग्रामीण अस्पताल में स्थायी अस्थि रोग विशेषज्ञ **(Orthopedic Specialist)** न होने और उपलब्ध मशीन का उपयोग न हो पाने के कारण यह व्यवस्था ठप पड़ी है। अब यह मशीन चालू स्थिति में न होने की बात कहकर अस्पताल प्रशासन अपना पल्ला झाड़ रहा है।

### श्रेय लेने की होड़, पर समस्याओं से फेरा मुँह..

अस्पताल की सुविधाओं और श्रेय लेने की होड़ में जनप्रतिनिधियों के बीच हमेशा प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है। लेकिन पिछले 16 वर्षों से मरीजों की जान से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर किसी भी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया, ऐसा सीधा आरोप स्थानीय नागरिकों द्वारा लगाया जा रहा है।

### प्राइवेट प्रैक्टिस पर जोर, शिकायत के बाद भी कार्रवाई शून्य..

मिली जानकारी के अनुसार, अस्पताल से जुड़े अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. रौनक भोले हफ्ते में केवल एक बार ही अस्पताल आते हैं और बाकी समय निजी अस्पतालों में सेवा देने में व्यस्त रहते हैं। इस संबंध में नागरिकों द्वारा जिला शल्य चिकित्सक **(Civil Surgeon)** के पास लिखित शिकायत दर्ज कराने के बावजूद संबंधित डॉक्टर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे स्वास्थ्य प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।

### गरीब मरीजों का आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न..

ग्रामीण अस्पताल में हड्डियों के इलाज और ऑपरेशन की सुविधा न होने के कारण हादसों का शिकार हुए या हड्डियों की बीमारी से पीड़ित गरीब आदिवासी मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। निजी इलाज का भारी खर्च न उठा पाने के कारण मरीजों को भारी आर्थिक और मानसिक परेशानी सहनी पड़ रही है।

### नागरिकों की माँग..

'स्वास्थ्य विभाग तुरंत संज्ञान लेकर देवरी ग्रामीण अस्पताल में स्थायी अस्थि रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति करे, साथ ही धूल खा रही 'सी-आर्म' और अन्य मेडिकल मशीनों की जल्द से जल्द मरम्मत कराकर उन्हें मरीजों की सेवा में चालू करे।' यह माँग रोगी कल्याण समिति के सदस्य सुशील जैन ने की है।

## रोड ऑक्सीडेंट मे जख्मी हुवे अधेड़ की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 27/ 7/ 2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान संजय मोहनलाल नेवारे उम्र 55 वर्ष निवासी भागवतटोला का अक्सिडेंट हुवा उसे उपचार के लिये केटीएस अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई वैद्यकीय अधिकारी डाक्टर सुबोध के लिखीत मेमो पर पोस्टे रामनगर मे अकस्मात मौत क्रमांक 17/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा कुंजाम 1128 पोस्टे रामनगर कर रहे है।

## जहर पीने से तबीयत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 25/ 7/ 2026 को श्रीधर नैपाल रहांगडाले उम्र 24 वर्ष निवासी बाम्हणी ने अपने घर मे जहर पिया तबीयत खराब होने से उसे उपचार के लिये बहेकार सुपर स्पेशालिटी अस्पताल गोंदिया मे भर्ती कराया गया था। जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉ रियाज शेख के लिखीत मेमो पर पोस्टे गोरेगाव मे अकस्मात मौत क्रमांक 23/2026 धारा 194 भानासूस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच सपोनी व्यंकट पोटे पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### बस मे चढते समय महिला फर्यादी के गहने चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/7/2026 के दोपहर 2 बजे जयस्तंभ चौक से खमारी के बिच महिला फर्यादी शशीकला गजानन देवगुने उम्र 65 वर्ष निवासी सालेकसा बस मे बैठकर अपने गाव सालेकसा जा रही थी। बस मे अज्ञात महीला ने फर्यादी के पर्स से सोने का मंगलसूत्र 1 नग किमत 45 हजार रुपये, सोने का मंगलसुत्र किमत 35 हजार रुपये, सोने की अंगुठी किमत 25 हजार रुपये, कुल 1 लाख 5 हजार रुपये का माल अज्ञात महिला ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 432/2026 धारा 305, क, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी राऊत पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### दिनदहाडे महिला के घर से लाखो के गहने चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/7/2026 के दोपहर फर्यादी केशव प्रकाश झोडे उम्र 41 वर्ष निवासी बोंडगाव देवी की पत्नी मकान को ताला लगाकर खेत गई थी। और बच्चे स्कूल गये थे, उसी दरम्यान दिनदहाडे अज्ञात चोर ने मकान का ताला तोड़कर मकान मे प्रवेश कर अलमारी से 28 हजार नगदी, सोने के चेन 100 ग्राम किमत 3 लाख रुपये, सोने की मणी 2 ग्राम किमत 6 हजार रुपये, चांदीका सिक्का किमत 1 हजार रुपये, कुल 3 लाख 36 हजार रुपये का माल अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 319/2026 धारा 305, ए, 331,3, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी घनश्याम तांबे पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।





दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433


# गुरु पूर्णिमा पर 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, आस्था और अध्यात्म का भव्य उत्सव..

## सामूहिक मंत्र जाप, गुरु पूजन और 108 थालियों से महाआरती, गायत्री परिवार के परिजनों की उत्साहपूर्ण सहभागिता..





जगप्रेरणा आमगांव।

***गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ, आमगांव में बुधवार को 108 कुंडीय सूक्ष्म गायत्री महायज्ञ***

श्रद्धा एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में आमगांव तालुका सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के परिजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे परिसर में भक्ति, साधना और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे सामूहिक गायत्री मंत्र जाप से हुआ। इसके बाद प्रातः 9 बजे 108 कुंडीय सूक्ष्म गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हुआ। यज्ञ में पर्यावरण शुद्धि एवं स्वास्थ्य संवर्धन के उद्देश्य से औषधीय जड़ी-बूटियों से युक्त आहुतियां अर्पित की गई। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में सहभागिता कर विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण और मानव कल्याण की प्रार्थना की। आयोजन के दौरान गुरु पूजन एवं विभिन्न संस्कार भी संपन्न हुए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 108 थालियों से गुरुदेव की सामूहिक महाआरती रही। दीपों की अलौकिक छटा और श्रद्धालुओं की भावपूर्ण उपस्थिति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

गायत्री शक्तिपीठ, आमगांव में गुरु पूर्णिमा पर्व पिछले तीन वर्षों से निरंतर हर्षोल्लास एवं अनुशासित ढंग से मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। आयोजन के समापन पर समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों, सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण तथा विश्व कल्याण का संदेश दिया गया

# गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों का हुआ सम्मान, विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां..





**जगप्रेरणा गोरेगांव।**

दिनांक 29 जुलाई किरसान्स मिशन स्कूल एंड जूनियर कॉलेज, गोरगांव में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि वेदव्यास एवं माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कविता एच. येडे मॅम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि संस्कार, अनुशासन और जीवन जीने की सही दिशा भी प्रदान करते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को अपने गुरुजनों का सदैव सम्मान करना चाहिए तथा उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए।' विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, प्रेरणादायी भाषण, कविता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लेकर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया।

विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में प्राचार्या श्रीमती कविता एच. येडे मॅम ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं आयोजन में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा को सदैव जीवंत बनाए रखने का संदेश दिया।

# अग्रवाल विज्ञान महाविद्यालय के रोजगार मेले में लगभग 50 युवक-युवतियों को मिला रोजगार



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

प्रताप मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट, गोंदिया द्वारा संचालित शंकरलाल अग्रवाल विज्ञान महाविद्यालय, सालेकसा में 16 जुलाई 2026 को कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार विभाग, जिला कौशल विकास, रोजगार एवं उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र तथा मॉडल करियर सेंटर, गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए। कुल 218 अभ्यर्थियों में से 82 का प्रारंभिक स्तर पर चयन किया गया, जबकि 50 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन कर उन्हें नियुक्ति (जॉइनिंग) पत्र प्रदान किए गए। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर संस्था के अध्यक्ष श्री विशालजी अग्रवाल, सचिव श्री प्रफुलजी अग्रवाल, महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 गुरुवार 30 जुलाई 2026
# जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### नगर परिषद के वरिष्ठ कर्मचारी उर्मिला पंधरे और अनिल बंसोड़ के हस्ते

## नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे के कार्यालय का हुआ विधि विधान से समारोहपूर्वक उद्घाटन..





**नगराध्यक्ष सचिन शेंडे ने पेश की कर्मचारियों को सम्मान देने की पहल..**

**बोले नगर विकास में सबसे बड़ा योगदान कर्मचारियों का, उनसे होना चाहिये सम्मानजनक व्यवहार..**

**जताई नगर विकास हेतु प्रतिबद्धता..**



जगप्रेरणा गोंदिया।

*नगर परिषद गोंदिया के अध्यक्ष सचिन गोविंदभाऊ शेडे के नवीन कार्यालय का उद्घाटन समारोहपूर्वक गुरुपुर्णिमा पर्व पर आज 29 जुलाई दिन बुधवार को प्रातः 11:00 बजे नगर परिषद परिसर, गोंदिया में नगर परिषद में दिव्यांग विभाग में कार्यरत वरिष्ठ*

कर्मचारी उर्मिला रविन्द्र पंधरे तथा सफाई विभाग में कार्यरत वरिष्ठ कर्मचारी अनिल ज्ञानीराम बंसोड़ के हस्ते संपन्न हुआ। गोंदिया नगर परिषद के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि जब किसी नगराध्यक्ष ने नगर परिषद के कर्मचारियों को इतना सम्मान दिया, और उनके हस्ते अपने कार्यालय का उद्घाटन किया। अपने कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर सचिन शेंडे ने कहा कि नगर विकास में सबसे बड़ी भूमिका नगर परिषद के कर्मचारियों की होती है, तथा जिन नगर परिषद कर्मचारियों ने पूरा जीवन नगर परिषद को दिया है, वे सभी सम्मान के पात्र हैं, और नगर परिषद के रखरखाव के लिये भी वे सम्मान के हकदार हैं, इसलिये उनकी ईच्छा हुई कि नगर परिषद के इन कर्मचारियों को यह सम्मान दिया जाना चाहिये।

### विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया कार्यालय में प्रवेश..

गौरतलब है कि वरिष्ठ कर्मचारियों के साथ नए कार्यालय का शुभारंभ विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर नगर विकास की मंगल कामना का जाप भी किया गया। कार्यालय में प्रवेश के उपरांत नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे को उपस्थितों में प्रमुख रुप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक (गप्पु) गुप्ता, राकेश ठाकुर, अजय अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, मुकेश सोनी, नीतिन जिंदल, राजू लिमये, हितेश कोडवानी संहित बड़ी संख्या में उपस्थितों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### प्रतिदिन करेंगे मुलाकात..

नगर परिषद में अपने नए कार्यालय के शुभारंभ पर नगराध्यक्ष सचिन शेंडे ने बताया कि वे प्रतिदिन कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्यालयीन कार्यों में सहयोग प्रदान करेंगे, इसी के साथ आम जनता से भी सुबह 11.30 से 2.30 बजे के बीच वे मुलाकात के लिये उपस्थित रहेंगे। सचिन शेंडे ने आगे कहा कि नगर में निर्माण कार्यों को लेकर तो अवश्य प्रगति दिखाई देने लगी है, तथा नगर में स्वच्छता के संदर्भ में भी वे नए कर्मचारियों की भर्ती करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि स्वच्छता पर अधिक ध्यान दिया जा सके।

## विधायक विनोद अग्रवाल की पहल पर किया गया 200 क्षयरोगियों को फूड बास्केट का वितरण..






जगप्रेरणा गोंदिया।

*राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की जयंती के अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार 22 से 28 जुलाई 2026 की अवधि में राज्य भर में विभिन्न स्वास्थ्य अभियान चलाए गए। इसके तहत गोंदिया तालुका में प्रधानमंत्री 'टीबीमुक्त भारत' अभियान के*

अंतर्गत 200 क्षयरोगियों को फूड बास्केट वितरित किए गए। इस पहल के लिए विधायक विनोद अग्रवाल ने अगुवाई की। जिला परिषद गोंदिया के जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार के मार्गदर्शन में तालुका के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेंद्रों के माध्यम से लाभार्थी क्षयरोगियों का चयन कर उन्हें फूड बास्केट दिए गए। राज्य सरकार की निर्देशात्मक सूचनाओं के अनुसार इस विशेष अभियान में विभिन्न स्वास्थ्य जांच, ग्राम पंचायत स्तर पर जनजागरण तथा प्रधानमंत्री 'टीबीमुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत 'निक्षय मित्र' कार्यक्रम पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार ने समाज के दानशील व्यक्तियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे आगे आकर 'निक्षय मित्र' बनें और आर्थिक रूप से कमजोर क्षयरोगियों को पोषण आहार के लिए फूड बास्केट उपलब्ध कराकर टीबीमुक्त भारत अभियान को सशक्त बनाएं।

## गोंदिया ज़िला सहकारी मंडल के निर्विरोध चुनाव में अध्यक्ष दीपक कदम और उपाध्यक्ष बने प्रवीण गहरवार..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया ज़िला की सहकारिता क्षेत्र में प्रमुख संस्था गोंदिया ज़िला सहकारी मंडल का चुनाव हाल ही में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव को निर्विरोध करने के लिए प्रयास किये गए जो सफल हुए। ज्ञात हो कि चुनाव*

की घोषणा होते ही राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन , ज़िला बैंक उपाध्यक्ष भैरसिंह नागपुरे, ज़िला बैंक सचिव बाला हलमारे, मजूर संघ के अध्यक्ष बंटी मिश्रा, उपाध्यक्ष दीपक कदम, कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराडे, बैंक संचालक दुर्गा ठाकरे, केतन तूरकर, अविनाश जायसवाल, बंटी कटरे, विजय राठौड़ , पूर्व अध्यक्ष सुभाष आकरे, राजू एन जैन, शेषराव गिरहेपुंजे सहित मान्यवर नेताओं ने राजनीतिक रायशुमारी कर विड्रॉल के आखरी दिन सांसद राजेंद्र जैन और भैरसिंह नागपुरे की प्रभावी नीति से सभी संचालक को निर्विरोध चुन कर लाया।

इस संचालक मंडल में चुनकर आने वालों में प्रमुखता से भाजपा नेता दीपक कदम, कांग्रेस नेता अमर वराडे, सुभाष आकरे, उमा हरोडे, मुकेश शिवहरे, गुड्डा गहरवार, संतोष बिसेन, भैय्यालाल चन्देवार, राधाकृष्ण ठाकुर, बाबा कटरे, भैया पिस्तौडे, रमेश टेंभरे, खुशाल काशीवार, मेघनाथ येडे, विकास महारवाड़े, परेश उजवने, सुखचंद राउत और महिला सदस्य सौ स्नेहा राहुल यादव, सौ नेहा सचिन मिश्रा चुनकर आए। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए चुनाव सम्पन्न कराये गए जिसमें भाजपा के सहकार नेता दीपक कदम को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया तथा आमगांव के प्रवीण गहरवार को उपाध्यक्ष चुना गया। संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया को सफल बनाने में भारत शुक्ला, राजकुमार फुंडे, बंटी चौबे, मुन्ना अवस्थी, छोटू मानकर, प्रतीक कदम, विशाल शुक्ला, रेखलाल टेंभरे, सुनील गडपाल्लीवार, रतन गोपलानी, संतोष भेलावे, लखन मेंढे, किशोर राहंगडाले, राजा कदम, अनिल काले सहित अन्य सदस्य ने प्रयास किया। सांसद तथा बैंक अध्यक्ष राजेंद्र जैन, भाजपा नेता विधायक परिणय भाऊ फुके, पूर्व विधायक भैरसिंह नागपुरे, गोंदिया ज़िला के संघटक बालाभाऊ अंजनकर, विधायक विनोद अग्रवाल, तिरोड़ा विधायक विजय राहंगडाले, भाजपा जिलाध्यक्ष सौ. सीताताई रहांगडाले, आमगांव विधायक संजय पुराम, अर्जुनी मोरगांव के विधायक राजकुमार बडोले और ज़िला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकार व कांग्रेस नेता प्रफुल अग्रवाल ने अध्यक्ष दीपक कदम, उपाध्यक्ष प्रवीण गहरवार एवं सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी है।

## वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सहयोग से डी.बी. साईंस कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस..







जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित धोटे बंधु विज्ञान महाविद्यालय, गोंदिया में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस 2026 बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में आयोजित*

किया गया। कार्यक्रम का विषय था सह-अस्तित्वः लोग और बाघ, एक ही परिदृश्य। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में श्री महेंद्र राउत, पर्यावरणविद, डॉ. मनोज पटले, प्राचार्य, डॉ. जी.पी. गाडेकर, विभाग प्रमुख, प्राणीशास्त्र विभाग, श्री हर्षल रहांगदाले, श्री नूर अली, वन्यजीव जीवविज्ञानी एवं श्री वेदांग, क्षेत्र अधिकारी, डब्ल्यूटीआई उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन राज्यसभा सांसद श्री राजेंद्र जैन, सचिव, गोंदिया एजुकेशन सोसायटी एवं श्री निखिल जैन, संचालक, जीईएस के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र राउत ने कहा कि विदर्भ क्षेत्र, जिसमें गोंदिया भी शामिल है, ताडोबा, पेंच और नवेगांव-नागझिरा को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण बाघ गलियारा है। उन्होंने छात्रों से ÷टाइगर एम्बेसडर÷ बनकर मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में सहयोग करने का आह्वान किया। डब्ल्यूटीआई की टीम से श्री देवांग एवं श्री सचिन ने ÷वन्यजीव संरक्षण में विज्ञान के छात्रों की भूमिका÷ विषय पर संवादात्मक सत्र लिया। उन्होंने महाराष्ट्र में डब्ल्यूटीआई द्वारा चलाए जा रहे आवास संरक्षण, बचाव अभियान एवं वन-आधारित समुदायों के लिए आजीविका परियोजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान एक वृत्तचित्र भी दिखाया गया एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंत में छात्रों की शंकाओं के समाधान के लिए प्रश्नोत्तर सत्र भी रखा गया। इस अवसर पर बोलते हुए प्राचार्य डॉ. मनोज पाटले ने कहा, बाघ बहुल क्षेत्र में स्थित एक शैक्षणिक संस्था के रूप में हमारा कर्तव्य है कि हम संरक्षण नेता तैयार करें। डब्ल्यूटीआई के सहयोग से छात्रों को क्षेत्रीय अनुभव एवं अनुसंधान के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कल्पना घोषाल, समन्वयक, पर्यावरण प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. जी.पी. गाडेकर, विभाग प्रमुख, प्राणीशास्त्र विभाग ने किया। इस अवसर पर डॉ. एस. जुनेजा, डॉ. वर्मा, प्रो. राजकुमार पटले, डॉ. एस. अंबिलकर, प्रो. खुशबू सहित 200 से अधिक छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफ्लता के लिए एनएसएस स्वयंसेवकों ने विशेष सहयोग किया।

## सामाजिक वनीकरण विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु आयोजित की गई वृक्षदिण्डी, मिला उत्साहपूर्ण प्रतिसाद..

**विट्ठल रुक्मिणी व वारकरी के वेशभूषा में विद्यार्थी रहे विशेष आकर्षण का केन्द्र..**



जगप्रेरणा गोंदिया।

सामाजिक वनीकरण विभाग गोंदिया के द्वारा पर्यावरण संवर्धन वृक्ष लगाना वृक्ष संवर्धन जनजागृति करने के उद्देश्य से गोंदिया शहर में भव्य वृक्ष दिन्डी का आयोजन किया गया। विविध पाठशालाओं के विद्यार्थी शिक्षक वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा नागरिकों का उत्स्फूर्त सहयोग से कार्यक्रम की शुरुआत में सभी मान्यवरों के हस्ते दीप प्रज्वलन किया गया। वन महोत्सव अंतर्गत बस स्थानक गोंदिया में वृक्ष बिक्री स्टॉल का माननीय पीयूषा जगताप मैडम वन संरक्षक नवेगांव नागजीरा व्याघ्र अभ्यारण, पवन कुमार जोंग उप वन संरक्षक गोंदिया के हस्ते उद्घाटन किया गया।

इसी दौरान प्रीतम सिंह कोडापे उप संचालक नवेगांव नागजीरा व्याघ्र अभ्यारण गोंदिया, तुषार ढमढेरे विभागीय वन अधिकारी सामाजिक वणिकरण गोंदिया के हस्ते वृक्ष दिन्दी का विधिवत पूजन कर डिण्डी की शुरूआत की गई। बस स्थानक गोंदिया से निकली वृक्ष डिंडी शहर के मार्ग से होते हुए क्रीड़ा संकुल गोंदिया पहुंची। वृक्ष व पर्यावरण संवर्धन का संदेश देने वाली दिन्दी में विविध पाठशाला के विद्यार्थी शिक्षक, विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पारंपरिक वारकरी के वेशभूषा में विठ्ठल रुक्मिणी बने विद्यार्थियों ने सबका ध्यान आकर्षित किया। इनके सहयोग से पर्यावरण जनजागृति के साथ ही पारंपरिक व सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा मिला। क्रीड़ा संकुल गोंदिया में जिलाधिकारी मंदार पतकी, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, उप वन संरक्षक पवन कुमार जोंग, प्रीतम सिंह कोड़ापे, तुषार ढमढेरे सभी मान्यवारों के हस्ते वृक्षारोपण किया गया, तथा पर्यावरण संरक्षण पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना तुषार ढमढेरे विभागीय वन अधिकारी सामाजिक वनीकरण गोंदिया तथा सूत्र संचालन सौ. वर्षा भंडारकर मैडम वन्य जीव रक्षक ने किया व आभार प्रदर्शन श्री भगत वन परिक्षेत्र अधिकारी सामाजिक वनीकरण गोंदिया ने किया। कार्यक्रम की सफलता हेतु महेंद्र सूर्यवंशी वनरक्षक, श्री कटरे साहब आगार प्रमुख बस स्थानक गोंदिया, श्री लक्ष्मीशंकर यादव जिला क्रीड़ा अधिकारी, अनिल सहारे राष्ट्रीय हरित सेना राष्ट्रीय माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव, रूपेश निम्बार्ते मानद वन्य जीव रक्षक, श्री चौरसिया सर, प्रोग्रेसिव इंग्लिश मीडियम स्कूल गोंदिया, श्री महावीर मारवाड़ी वरिष्ठ प्राथमिक शाला गोंदिया, गोंदिया पब्लिक स्कूल, विवेक मंदिर स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल ने प्रयास किया। इस डिंडी के माध्यम से वृक्ष लगाओ वृक्ष बचाओ और पर्यावरण बचाओ का संदेश प्रभावी रूप से नागरिकों को देने में आया और विद्यार्थियों का उत्स्फूर्त सहभाग और सभी नागरिकों की सहभाग से यह वृक्ष डिंडी पर्यावरण जन जागृति के लिए विशेष उपक्रम बनी।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
वैचारिक क्रांति का रचनात्मक उद्घोष
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

दरियां ◆ मैटिंग्स ◆ कारपेट्स ◆ डोरमेट्स ◆ शॉल
ब्लैंकेट्स ◆ स्कूल की भोजन पतियों ◆ ताड़पत्री
मच्छरदानी ◆ ग्रीन नेट ◆ चादरे
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
ग्रीन नेट | कारपेट्स | ताड़पत्री | डोरमेट्स | ब्लैंकेट्स | बेड शीट्स
रमनकुमार मेठी हैंडलूम हाउस
उत्तम क्वालिटी वाजिब दाम हमारी पहचान
9890696200
होम डिलीवरी की सुविधा
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | थोक व चिल्लर विक्रेता

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com